सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

श्री CONSULTANCY
Confused after NEET Get Help
Fulfill your Dream of Becoming Doctor
Call us for Admission Guidance for 23-24 MD/MS/MBBS & MDS/BDS
• TOP MEDICAL Colleges of INDIA
• Management Quota Seat
• NRI Quota Seat
Get Enrolled (Call/whatsapp)
89599-94444
Laxmi Jewellers, Opp.Tanishq Showroom, Durg (C.G.)

वर्ष- 14 अंक - 245 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 18 जून 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास - खबर



### छत्तीसगढ़ में आदिपुरुष को बैन करने गरमाई सियासत, केंद्रीय मंत्री रेणुका ने सीएम को किया ट्वीट

**रायपुर।** प्रभास और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'आदिपुरुष' को लेकर छत्तसीगढ़ की सियासत गरमाई हुई है। मामले में जहां कांग्रेस बीजेपी को घेरने में लगी हुई है। वहीं बीजेपी के कई नेता भी इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं। कुछ खुलकर विरोध कर रहे हैं, तो कुछ दबी जुबान से। इसी बीच केंद्रीय राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में प्रदेश के मुखिया सीएम भूपेश बघेल को ट्वीट करते हुए फिल्म पर बैन लगाने की बात कही है।

केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह ने इस संबंध में लगातार दो ट्वीट किए हैं। पहले ट्वीट में उन्होंने लिखा कि फिल्म आदिपुरुष, जो रामायण पर आधारित है। जिसमें हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम, माता जानकी, वीर हनुमान एवं अन्य चरित्रों का फिल्मांकन जिस तरीके से किया गया है पात्रों के मुंह से जिस प्रकार से भद्दे डायलॉग्स बोले गये हैं इससे करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। दूसरे ट्वीट में लिखा कि मैं छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से आशा करती हूं कि श्रीराम के ननिहाल में इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने जल्द ही आदेश करेंगे।

#### *सीएम भूपेश ने 'आदिपुरुष' के किरदारों और डायलॉग को लेकर जताई कड़ी आपत्ति*

इससे पहले छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल ने 17 जून को ''आदिपुरुष' के किरदारों और डायलॉग को लेकर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस फिल्म के किरदारों और डायलॉग को लेकर आपत्ति जताई है। सीएम भूपेश बघेल ने रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि फिल्म में हनुमान जी से बजरंग दल जैसे शब्द बुलवाए गए हैं। हमारे जितने भी आराध्य देव हैं, उनकी छवि बिगाड़ने की कोशिश हो रही है। पहले भगवान राम और हनुमान जी का भक्ति से सराबोर सौम्य चेहरा दिखाई देता था। इस प्रकार की तस्वीर हमारे पुरखों ने बनाई थी।

#### आदिपुरुष के मेकर्स ने किया बड़ा फैसला, जनता की संतुष्टि के लिए बदलेंगे फिल्म के संवाद

**मुंबई।** ओम राउत के डायरेक्शन में बनी 'आदिपुरुष' 16 जून को रिलीज हो चुकी है। फिल्म को लेकर कई विवाद हो रहे हैं लेकिन बावजूद इन सबके ये बॉक्स ऑफिस पर बेहतरीन परफॉर्म कर रही है। तो वहीं दूसरी तरफ आदिपरुष के डायलॉग को लेकर सोशल मीडिया पर जम कर ट्रोल किया जा रहा था। फिल्म के डायलॉग को घटिया बताया जाने लगा और इसके बाद मेकर्स ने कई टीवी इंटरव्यू में इस चीज की सफाई भी दी। हालांकि बात बनती नहीं दिखी, तो वहीं इसी क्रम में फिल्म के लेखक मनोज मुंतशिर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने जनता को आश्वाशन दिया कि फिल्म में से कुछ डायलॉग्स को हटाया जाएगा। बता दें की यह फैसला टीम ने जनता को ध्यान में रखते हुए लिया है। मेकर्स ने यह भी कहा है कि बदले गए डायलॉग इसी सप्ताह जोड़ दिए जाएंगे। एक दिन पहले तक यही मनोज मुंतसिर डायलाग्स को युवाओं का कनेक्ट करने वाला बता रहे थे।

## जेईई एडवांस्ड का रिजल्ट, 43 हजार से ज्यादा सफल, हैदराबाद जोन सबसे आगे

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी ने जेईई एडवांस्ड 2023 के नतीजे जारी कर दिए हैं। परीक्षा में शामिल छात्र अपना रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in पर देख सकते हैं। आईआईटी हैदराबाद जोन के वविला चिदविलास रेड्डी ने जेईई एडवांस्ड 2023 में 341 अंकों के साथ टॉप किया है। जेईई एडवांस्ड 2023 परीक्षा की महिला टॉपर भी हैदराबाद जोन से हैं। 298/360 स्कोर करने वाली नयकांती नागा भाव्या श्री को इस साल महिला टॉपर घोषित किया गया है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गुवाहाटी की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक, लगभग 1,95,000 छात्रों ने प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। हालांकि, संस्थान ने 95 प्रतिशत की उपस्थिति दर्ज की, क्योंकि दोनों पेपरों के लिए 1,80,226 उम्मीदवार ही उपस्थित हुए थे। इसके अतिरिक्त, आईआईटी कानपुर जोन में, 12 शहरों के 77 केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई थी। कुल 23,677 पंजीकृत उम्मीदवारों में से, कुल 22,955 छात्र दोनों पेपरों के लिए उपस्थित हुए थे।




### जेईई एडवांस्ड के जोन वाइज सफल छात्रों की सूची

- हैदराबाद - 10432
- दिल्ली - 9290
- बॉम्बे - 7957
- खड़गपुर - 4618
- कानपुर -4582
- रुड़की - 4499
- गुवाहाटी - 2395

### आईआईटी गुवाहाटी ने फाइनल आंसर की भी जारी

आईआईटी गुवाहाटी ने जेईई एडवांस्ड 2023 परीक्षा की फाइनल आंसर की भी आधिकारिक वेबसाइट jeeadv.ac.in पर जारी कर दी है। उम्मीदवार इसे चेक कर सकते हैं। जेईई एडवांस्ड 2023 परीक्षा के लिए कुल 125 विदेशी उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 108 उपस्थित हुए और 13 ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस तरह 13 विदेशी छात्रों ने भी जेईई एडवांस्ड क्लीयर की है।

## तालुपरी में पुलिस की रेड, पकड़ में आए 35 से ज्यादा संदिग्ध, 14 वाहन भी जब्त

- 8 राजपत्रित अधिकारी, 15 थाना प्रभारियों के साथ 100 से अधिक जवानों ने की कार्रवाई
- जांच में 14 लावारिस वाहन, 25 संदेही तथा 7 संदेहास्पद महिलाएं मिली

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के तालपुरी कॉलोनी में रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब सैकड़ो पुलिस के जवान एक साथ पहुंचे। 8 राजपत्रित अधिकारियों के साथ शहर के 15 थानों के प्रभारी व 100 से ज्यादा जवानो के साथ तालपुरी के पारिजात कॉलोनी में रेड की गई। इस दौरान यहां पर 25 संदेही तथा 7 संदेहास्पद महिलाएं पकड़ी गई हैं। संदिग्धों में कुछ फरार अपराधी भी हैं। वहीं पुलिस ने कॉलोनी से 14 संदिग्ध वाहन भी जब्त किया है। अचानक हुई इस कार्रवाई से सस्पेक्टेड लोगों में बेचैनी देखी गई वहीं कॉलोनी के रहवासियों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना की है।



बता दें तालपुरी कॉलोनी के पारिजात ब्लॉक से संदिग्ध गतिविधियों की पुलिस को समय समय पर शिकायतें मिलती रहती हैं। दुर्ग एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर एएसपी संजय ध्रुव ने तालपुरी के पारिजात कॉलोनी में रेड की। रेड के दौरान यहां के बी ब्लॉक से 25 संदेही तथा 7 संदेहास्पद महिलाएं पकड़ी गई हैं। वहीं 14 ऐसी गाड़ियों को भी जब किया गया है जिसका कोई मालिक नहीं मिला। पुलिस को शक है कि इन वाहनों को संदिग्ध गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है।

### धोखाधड़ी की फरार महिला आरोपी भी पकड़ाई


तालपुरी में रेड के दौरान पुलिस ने जिन सदस्यों को हिरासत में लिया है उनमें से कई पुराने फरार अपराधी ही हैं। जांच के दौरान थाना सुपेला की आरोपिया ज्योति सोनी को पारिजात के फ्लैट में पूछताछ के दौरान पकड़ा गया है जो कि धारा 420 के मामले में फरार चल रही थी और लुक छुप कर अपना पता बदल कर रह रही थी। आरोपिया को थाना सुपेला में लाकर पूछताछ कर अग्रिम जांच कर कार्रवाई की गई। रेड कार्रवाई के दौरान देखा गया कि पारिजात कॉलोनी के बी ब्लॉक में दूसरे राज्यों के कई ऐसे लोग ठहरे हुए हैं इनकी जानकारी थानों को नहीं है।

### आगे भी जारी रहेगी यह कार्रवाई



एएसपी संजय ध्रुव ने बताया कि ताल पुरी कॉलोनी में रेड के बाद इस तरह की कार्रवाई शहर के अन्य रिहायशी कालोनियों में भी की जाएगी। यह कार्यवाही दूसरे राज्यों से आकर यहां रह रहे सस्पेक्टेड लोगों की पहचान के लिए की गई थी। इस क्षेत्र में बाहर से आकर रह रहे लोगों और किरायेदारों की सूची तैयार कर उस रिकार्ड को मेंटेन करने के भी प्रयास किए जा रहे हैं। आज सर्च कार्रवाई में पकड़े गए कई लोग अन्य राज्यों से आकर रह रहे थे जिनमें से कुछ का अपराधिक रिकार्ड भी मिला है।

## छत्तीसगढ़ के दो आईपीएस अफसरों को मिली केन्द्र में बड़ी जिम्मेदारी



### नेहा चंपावत एनआरसीबी व अभिषेक पाठक , बीएसएफ के आईजी बनाए गए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कैडर के 2004 के आईपीएस अफसरों को केंद्र सरकार ने कुछ समय पहले बतौर आईजी इंपैनल किया था। इनमें 2004 बैच के चार आईपीएस हैं। जिसमें नेहा चंपावत, अभिषेक पाठक के अलावा छत्तीसगढ़ में खुफिया चीफका जिम्मा संभाल रहे अजय कुमार यादव और संजीव शुक्ला का नाम शामिल था। इनमें से आईपीएस अफसर नेहा चंपावत को ह्ष्टत्रक्च का आईजी बनाया गया है तो वहीं 2004 बैच के ओी आईपीएस अफसर अभिषेक पाठक को बीएसएफ का आईजी बनाया गया है।इसका आदेश भी दिल्ली से जारी हो चुका है। आईपीएस अफसर अजय कुमार यादव और संजीव शुक्ला को भी बतौर आईजी इंपैनल किया गया है। इनकी भी नियुक्ति का आदेश जल्द जारी होगा।

केंद्र सरकार का छत्तीसगढ़ के आईएएस और आईपीएस अफसरों पर भरोसा लगातार बढ़ता जा रहा है। यही कारण है कि तमाम आईएएस और आईपीएस अफसरों को सेंट्रल डेपुटेशन पर जा रहे हैं। अभी हाल ही में प्रदेश के एक बड़े आईएएस अफसर को गृहमंत्री अमित शाह का निज सचिव बनाया गया है। वे भी छत्तीसगढ़ कैडर के ही आईएएस अफसर बताए जा रहे हैं।

## 24 घंटों में 6 बार कांपी धरती, 11 मिनट के अंतराल पर दो तेज झटके, जान-माल की कोई हानि नहीं

- भूकंप का केंद्र जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग व पहाड़ी रामबन जिला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में पिछले 24 घंटों में करीब छह बार जमीन को कांपते हुए महसूस किया गया। इतना ही नहीं, जम्मू-कश्मीर में तो महज 11 मिनट के अंतराल पर ही लगातार दो भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में डर का माहौल है। हालांकि, खुशनसीबी की बात यह रही कि भूकंप से किसी भी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है।

भूकंप के बाद जान-माल के नुकसान होने की खबर सामने नहीं आई है। बताया जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर में इस साल कई बार भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि दोपहर 2.03 बजे आए 3.0 तीव्रता के भूकंप का केंद्र जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ पहाड़ी रामबन जिला था।

उन्होंने कहा कि भूकंप की गहराई 33.31 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 75.19 डिग्री पूर्वी देशांतर पर धरती की सतह से 5 किलोमीटर नीचे थी। इस दौरान घरों में दरारें भी देखने को मिली थी। अगर पिछले एक हफ्ते की बात की जाए तो खासकर डोडा, किश्तवाड़ और रामबन में भूकंप के कई झटके महसूस किए गए।

### कहां और कितने बजे महसूस किए गए झटके




- सबसे पहले भूकंप जम्मू-कश्मीर में शनिवार दोपहर 2 बजकर 3 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 3.0 थी।
- दूसरा झटका लेह में रात करीब 9 बजकर 44 मिनट पर महसूस किया गया। इसकी तीव्रता 4.5 बताई जा रही।
- तीसरा झटका भारत-चीन बॉर्डर के पास जम्मू-कश्मीर के डोडा में रात 9 बजकर 55 मिनट पर आया, इस भूकंप की तीव्रता 4.4 थी। बता दें, पिछले पांच दिनों में डोडा जिले में यह सातवां भूकंप था।
- पूर्वोत्तर लेह में चौथा भूकंप महसूस किया गया। यह रविवार तड़के 2 बजकर 16 मिनट पर महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.1 बताई गई।
- पांचवा और आखिरी झटका जम्मू-कश्मीर के कटरा में रविवार तड़के 3 बजकर 50 मिनट पर महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता भी दोबारा 4.1 ही रही
- छठा भूकंप रविवार सुबह 8 बजकर 28 मिनट पर आया। लेह से 279 किमी उत्तर पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता 4.3 बताई जा रही है। भूकंप के झटको के कारण लोग सहमे रहे।

## मन की बात में पीएम मोदी ने कही बड़ी बात इमरजेंसी, देश के इतिहास का काला दौर

- मन की बात की 102वीं कड़ी का हुआ प्रसारण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मन की बात की 102वीं कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बड़े से बड़ा लक्ष्य हो या कठिन से कठिन चुनौती, भारत के लोगों की सामूहिक शक्ति से हर चुनौती का हल निकल जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी हमने दो तीन पहले देखा कि देश के पश्चिमी छोर पर चक्रवाती तूफान आया। इस दौरान तेज हवाएं और बारिश हुईं। साइक्लोन बिपरजॉय ने कच्छ में भारी नुकसान किया लेकिन कच्छ के लोगों ने हिम्मत और तैयारी से इतने खतरनाक तूफान का जिस तरह मुकाबला किया, वह अभूतपूर्व है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दो दशक पहले विनाशकारी भूकंप के बाद कहा जाता था कि कच्छ कभी उठ नहीं पाएगा लेकिन आज वही जिला देश के तेजी से विकसित होते जिलों में से एक है। पीएम ने



कहा कि मुझे विश्वास है कि साइक्लोन बिपरजॉय ने जो तबाही मचाई है, उससे भी कच्छ के लोग बहुत जल्द उभर जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में भारत ने आपदा प्रबंधन की जो ताकत विकसित की है, वह आज एक उदाहरण बन रही है। प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने का एक बड़ा तरीका है प्रकृति का संरक्षण। मानसून के समय में तो जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। कैच द रेन जैसे अभियानों के जरिए इस दिशा में सामूहिक प्रयास किया जा रहा है।

#### जल संरक्षण का दिया संदेश

प्रधानमंत्री ने लोगों से जल संरक्षण करने की भी अपील की और यूपी के बांदा जिले के तुलसीराम यादव का उदाहरण दिया। प्रधानमंत्री ने बताया कि तुलसीराम जी गांव के लोगों को साथ लेकर इलाके में 40 से ज्यादा तालाब बनवा चुके हैं।

#### देश पर इमरजेंसी थोपी गई

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम अपने लोकतांत्रिक आदर्शों को सर्वोपरि मानते हैं, अपने संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। 25 जून को हम कभी नहीं भूल सकते, जब देश पर इमरजेंसी थोपी गई थी। वह भारत के इतिहास का काला दौर था। पीएम मोदी ने कहा कि उस दौरान कई किताबें लिखी गईं, मैंने भी उस दौर पर 'संघर्ष में गुजरात' नाम से एक किताब लिखी है। टॉर्चर ऑफ पॉलिटिकल प्रिजनर्स इन इंडिया नामक किताब में उस दौर में लोकतंत्र के रखवालों से क्रूरतम व्यवहार कर रही थी।

## कांग्रेस की पाठशाला

श्रीकंचनपथ




भाजपा के प्रचार तंत्र का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस ने अब नई रणनीति बनाई है। कांग्रेस को खूब पता है कि उसके अपने कार्यकर्ताओं का भी इतिहास ज्ञान थोड़ा कमजोर है। कांग्रेस में बड़ी संख्या ऐसे लोगों की भी है जो डिजिटल प्रचार तंत्र से ही ज्ञान हासिल कर रहे हैं। ये भाजपा की ट्रोल सेना से तो प्रभावित हैं ही इनके मन में भी हिन्दू मुसलमान चल रहा है। कांग्रेस की मूल भावना की सलामती के लिए यह जरूरी है कि लोगों की इतिहास में रुचि जगाई जाए. इतिहास में रुचि जागेगी तो ये सही स्रोतों से ज्ञान हासिल करने की कोशिश करेंगे। आसानी से किसी के झांसे में नहीं आएंगे। दरअसल, पूरा देश ही झांसे की राजनीति से चलता आया है। कुछ ही राज्य हैं जहां के विद्यार्थियों में राजनीति को लेकर पर्याप्त जागरूकता है। वहां का बच्चा-बच्चा राजनीतिक मसलों पर बहस कर सकता है। वह जानता है कि राजनीति नेताओं तक सीमित नहीं है, इसका असर उनके भविष्य पर भी पड़ता है। इसलिए अब कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं को इतिहास पढ़ाने की ठानी है। इसकी शुरुआत आरएसएस और भाजपा के इतिहास से की गई है। रायपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्यमंत्री, पीसीसी अध्यक्ष, सांसद, विधायक एवं निकायों के अध्यक्ष सभी शामिल हुए. कांग्रेस को उम्मीद है कि प्रशिक्षण के बाद वे अपनी बातों को बेहतर ढंग से रख पाएंगे। आरएसएस के इतिहास में झांकेंगे तो इस बात के दस्तावेजी सबूत मिल जाएंगे कि दो राष्ट्र की अवधारणा कहां से आई और देश के दो टुकड़े क्यों हुए। इसी इतिहास को पढ़ने के दौरान सावरकर के बारे में भी उन्हें समुचित जानकारी मिल जाएगी। जब बहस की बुनियाद, तथ्यों और सबूतों पर रखी जाएगी, जब उसमें दस्तावेजी सबूत होंगे तो लोगों का उसपर यकीन भी ज्यादा होगा। अभी तो यही होता है कि भाजपा और कांग्रेस पाले के इस तरफऔर उस तरफहैं। भाजपा ने तो घोषित तौर पर अब तक के इतिहास को झुठला दिया है। बात पाठ्यपुस्तकों में बदलाव तक पहुंच चुकी है। जब बात तथ्यों की होगी तो लोगों की समझ में यह भी आ जाएगा कि स्कूल या कालेज में इतिहास की प्रतीकात्मक पढ़ायी होती है। यह कभी भी पूरा इतिहास नहीं होता. यह संभव भी नहीं है। किसी युद्ध का उल्लेख करते समय राजा, मंत्री या हद से हद सेनापति के बारे में ही पढ़ाया जा सकता है। किसी भी शोध या खोज का श्रेय उसके टीम लीडर को ही दिया जाता है। उसकी पूरी टीम का उल्लेख करना संभव नहीं होता। पर इसके पीछे कोई दुर्भावना नहीं होती। क्षेत्रीय स्तर पर अनेक स्वतंत्रता सेनानी रहे हैं जिनका उल्लेख इतिहास में नहीं हो पाया है। इतिहास के विस्तृत और गहन अध्ययन से इनकी जानकारी हासिल की जा सकती है। यह स्वरुचि का प्रश्न है। कोई रोक-टोक नहीं है। फिर इसके लिए किसी को जिम्मेदार कैसे ठहराया जा सकता है?

हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....
LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे
शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....
• भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
• भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
• जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
• संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
• पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
• मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
• नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
• पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
• आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
• सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
• अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
• बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
• बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
• पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
• दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
Harsh Media Advertisers
Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# डायबिटीजः स्वास्थ्य इमरजेंसी

इन रोगों के काफी बड़े हिस्से का संबंध जीवन शैली से है। इस संबंध लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है। वरना, इलाज की स्थितियां विकट हो जाएंगी- खासकर उस हाल में जब आउटडोर चिकित्सा अधिक से अधिक प्राइवेट सेक्टर के हाथ में जा रही है।

मशहूर ब्रिटिश हेल्थ जर्नल लांसेट ने बीते हफ्ते भारत में डायबिटीज मरीजों के बारे में जो अध्ययन रिपोर्ट छापी, वह चेतावनी की एक घंटी है। अगर तुरंत इस पर लोगों ने ध्यान नहीं दिया, तो भारत की हालत भी पाकिस्तान जैसी हो सकती है, जहां लगभग 27 प्रतिशत बालिग लोग इस रोग का शिकार हो चुके हैँ। लांसेट के मुताबिक भारत में फिलहाल डायबिटीज से पीड़ित मरीजों की संख्या 11 करोड़ से ज्यादा है। 2019 में यह संख्या लगभग सात करोड़ थी। यानी चार साल में तीन करोड़ मरीज बढ़ गए। अगर इस वृद्धि दर को देखें, तो भयावह है। लांसेट ने असल में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की शोध रिपोर्ट को प्रकाशित किया है। उसके मुताबिक कुछ राज्यों में डायबिटीज के मामले स्थिर हैं, तो वहीं कुछ राज्यों में मामले तेजी से बढ़े हैं। अधिक चिंता पैदा करने वाले आंकड़े प्री-डायबिटीज की अवस्था में पहुंच चुकी आबादी से संबंधित हैं। देश की 15.3 फीसदी या लगभग 13.6 करोड़ आबादी प्री-डायबिटीक हैं। यानी अगले कुछ सालों में ऐसे लोगों के डायबिटीज की चपेट में आने की ठोस आशंका है।

> इन रोगों के काफी बड़े हिस्से का संबंध जीवन शैली से है। इस संबंध लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है। वरना, इलाज की स्थितियां विकट हो जाएंगी- खासकर उस हाल में जब आउटडोर चिकित्सा अधिक से अधिक प्राइवेट सेक्टर के हाथ में जा रही है। इस सिलसिले में अध्ययन से सामने आया यह तथ्य भी अहम है कि प्री-डायबिटीज के मामले में लगभग ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों कोई अंतर नहीं दिखाई देता है। प्री-डायबिटीज का स्तर उन राज्यों में अधिक पाया गया, जहां डायबिटीज का पहले प्रसार कम था।

शोध में यह भी कहा गया है कि 35 प्रतिशत से अधिक आबादी हाइपरटेंशन (हाई ब्लड प्रेशर) और हाई कोलेस्ट्रॉल की शिकार है। देश की 28.6 फीसदी आबादी मोटापे से ग्रस्त है। ये सारी स्वास्थ्य स्थितियां एक दूसरे को बढ़ाने वाली होती हैं। इन सबका किसी व्यक्ति पर बहुत गंभीर असर होता है। ऐसे में इन रोगों की रोकथाम और इलाज के उपाय देश की प्राथमिकता बन जाने चाहिए। इन रोगों के काफी बड़े हिस्से का संबंध जीवन शैली से है। इस संबंध लोगों को जागरूक बनाना जरूरी है। वरना, इलाज की स्थितियां विकट हो जाएंगी- खासकर उस हाल में जब आउटडोर चिकित्सा अधिक से अधिक प्राइवेट सेक्टर के हाथ में जा रही है। इस सिलसिले में अध्ययन से सामने आया यह तथ्य भी अहम है कि प्री-डायबिटीज के मामले में लगभग ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों कोई अंतर नहीं दिखाई देता है। प्री-डायबिटीज का स्तर उन राज्यों में अधिक पाया गया, जहां डायबिटीज का पहले प्रसार कम था।

## कांग्रेस को राज्यों में प्रभारियों की जरूरत

कांग्रेस संगठन में बदलाव की शुरुआत हो गई है। पहला बदलाव गुजरात में हुआ है, जहां शक्ति सिंह गोहिल को अध्यक्ष बनाया गया है। उनके अलावा वर्षा गायकवाड को मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया है। पुडुचेरी में भी कांग्रेस ने नया अध्यक्ष बनाया है। कहा जा रहा है कि नए अध्यक्षों की नियुक्ति के साथ ही केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी और राज्यों में नए प्रभारी बनाए जाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने शक्ति सिंह गोहिल की जगह गुजरात के ही नेता दीपक बाबरिया को दिल्ली और हरियाणा का प्रभारी बनाया गया है लेकिन बताया जा रहा है कि यह भी अस्थायी व्यवस्था है। केंद्रीय पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाद ही स्थायी रूप से राज्यों का प्रभार बंटेगा।

इस बीच कई राज्यों में अलग अलग कारणों से कांग्रेस को प्रभारियों की जरूरत है। कांग्रेस में एक व्यक्ति, एक पद का सिद्धांत है। इसके तहत दो राज्यों में तत्काल प्रभारी नियुक्त करने की जरूरत है। तमिलनाडु के कांग्रेस प्रभारी दिनेश गुंडुराव और महाराष्ट्र के प्रभारी एचके पाटिल दोनों कर्नाटक की नई सरकार में मंत्री बन गए हैं। उनकी जगह दोनों अहम राज्यों में प्रभारी नियुक्त किया जाना है। इसी तरह पिछले साल गुजरात में कांग्रेस के बुरी तरह से हारने के बाद प्रभारी रघु शर्मा ने पद छोड़ने की पेशकश की थी। वहां भी नया प्रभारी नियुक्त होना है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए कांग्रेस को बिहार, झारखंड सहित कई राज्यों में ऐसे प्रभारी नियुक्त करने हैं, जो तालमेल की बात बेहतर तरीके से करके गठबंधन में कांग्रेस के लिए अच्छी डील हासिल कर सकें। उत्तर प्रदेश में भी कांग्रेस को ऐसा प्रभारी नियुक्त करना है, जो कांग्रेस के पुराने वोट बैंक को वापस लाने में मददगार हो।

## खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी

मई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 25 माह के सबसे निचले स्तर 4.25 फीसद पर आ गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताविक, खाद्य एवं ईंधन उत्पादों के दाम नरम पड़ने से यह नरमी आई है। अप्रैल, 2021 में खुदरा मुद्रास्फीति 4.23 फीसद थी जो मई, 2023 में 4.25 फीसद दर्ज की गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल, 2023 में 4.7 फीसद रही थी वहीं एक साल पहले मई, 2022 में खुदरा मुद्रास्फीति 7.04 फीसद के स्तर पर थी। इस प्रकार लगातार चौथे महीने खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। इसके अलावा, लगातार तीसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के संतोषजनक स्तर पर है। गौरतलब है कि सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो फीसद की घट-बढ़ के साथ चार फीसद पर रखने का दायित्व सौंपा हुआ है। खुदरा मुद्रास्फीति में गिरावट का मुख्य कारण खाद्य एवं ईंधन उत्पादों के दाम नरम पड़ना रहा। खाद्य उत्पादों की उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में करीब आधी हिस्सेदारी होती है। ईंधन के दाम भी नरम पड़े हैं। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल महीने में ईंधन एवं प्रकाश खंड की मुद्रास्फीति 5.52 फीसद दर्ज की गई थी, जो मई महीने में 4.64 फीसद रह गई। मानसून की स्थिति बेहतर रहती है तो खुदरा मुद्रास्फीति और नरम पड़ने की उम्मीद की जा सकती है। मौसम विज्ञानी मानसून के सामान्य रहने की भविष्यवाणी कर चुके हैं। ऐसे में उम्मीद है कि रवी फसल अच्छी रहेगी। अलवत्ता, दालें महंगाई बढ़ने का कारण बन सकती हैं। बाजार में दालों खासकर उड़द और अरहर दालों के दाम हाल के दिनों में तेजी से बढ़े हैं। इसलिए सरकार ने इनके भण्डारण की सीमा तय कर दी है ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी न होने पाए। गेहूं भण्डारण की ऊपरी सीमा भी तय कर दी गई है। पन्द्रह साल में पहली बार है जब गेहूं के बढ़ते दाम पर लगाम लगाने के लिए सरकार ने मार्च, 2024 तक तत्काल प्रभाव से गेहूं की भण्डारण सीमा (स्टॉक लिमिट) लागू कर दी है। पिछली बार 2008 में गेहूं की स्टॉक लिमिट लगाई गई थी। दरअसल, थोक और खुदरा कीमतें ज्यादा नहीं बढ़ने के वावजूद पिछले महीने मण्डी में गेहूं के दाम 8 फीसद बढ़े। इसलिए कृत्रिम कमी पैदा करने की कोशिशों को नाकाम करने के लिए गेहूं के लिए स्टॉक लिमिट लागू की गई है । बहरहाल, तमाम कोशिशें हैं कि महंगाई उचित स्तर पर रहे।

**अजय दीक्षित**

> "हमारे हिल स्टेशन अपने पुराने चाहने वालों को निराश क्यों करते हैं? क्या बढ़ती आबादी और सैलानियों की संख्या इसके लिए जिम्मेदार है? यह सिलसिला तो विदेश की सैरगाहों पर भी लागू होता है। वे क्यों अपनी नैसर्गिक सुंदरता बनाए रखने में कामयाब हैं?


# सूखती झीलों, तपते पर्वतों की बीच

शशि शेखर

वह इसी जून महीने की एक शुरुआती सुबह थी। आंख कुछ जल्दी खुल गई और मैंने अपने शयन कक्ष का परदा हटाया। सामने खज्जियार की झील, लंबा-चौड़ा मैदान और देवदार के वृक्ष निमंत्रण दे रहे थे। झटपट तैयार हुआ और झील के चारों ओर बनी 'वॉकिंग ट्रैक' का आनंद लेने के लिए लपक पड़ा। यह क्या! मैदान से पहले ही घोड़े की लीद और पशुओं के गोबर की बदबू ने मेरे नथुनों को फड़कने पर मजबूर कर दिया था। लगभग दो किलोमीटर के ट्रैक का एक-चौथाई से अधिक हिस्सा घोड़े की लीद से पटा पड़ा था। जो जगह बच रही थी, उस पर भी जहां-तहां शराब, पानी और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों के साथ तरह-तरह के कूड़े ने कब्जा जमा रखा था।

इस स्वर्ग सी सुंदर जगह के प्रवेश द्वार पर लिखा है- 'मिनी स्विट्जरलैंड।' अंग्रेजों ने जब यह नामकरण किया होगा, तब भले यह ऐसा लगता रहा हो, लेकिन आज यह छोटा-सा हिल स्टेशन अस्तित्वघाती चुनौतियों से घिरा हुआ है।

हम पिछली दोपहर को यहां पहुंचे थे। तब भी चहलकदमी के दौरान अजीब नजारा दिखा था। दर्जनों घोड़े वालों के साथ फेरी वालों ने वहां कब्जा जमा रखा था। रही बची कसर झील के किनारे बने खज्जी नाग के मंदिर के अगल-बगल आश्चर्यजनक रूप से पनप उठी, रेस्टोरेंट और होम-स्टे के नाम से चल रही व्यापारिक गतिविधियों ने पूरी कर दी थी। लोग वहां से सामान खरीदते हैं और कूड़ा पीछे छोड़ जाते हैं। सुबह की सैर के वक्त एक और दुखद नजारा देखने को मिला। उन तथाकथित रेस्टोरेंट्स में काम करने वाले लोग झाड़ू लगाकर कूड़ा किसी कूड़ेदान में नहीं, बल्कि कुछ कदम आगे बढ़कर झील के डूब क्षेत्र में डाल रहे थे। मैंने टोका, पर वे अनसुना कर गए। कोई आश्चर्य नहीं कि झील अपनी हर यात्रा में मुझे पहले के मुकाबले कुछ अधिक सिकुड़ी-सिमटी नजर आती है। 1980 के दशक से मैं छठी बार यहां आया हूं और हर बार मुझे पहले के मुकाबले निराशा ही हासिल हुई है।



हमारे हिल स्टेशन अपने पुराने चाहने वालों को निराश क्यों करते हैं? क्या बढ़ती आबादी और सैलानियों की संख्या इसके लिए जिम्मेदार है? यह सिलसिला तो विदेश की सैरगाहों पर भी लागू होता है। वे क्यों अपनी नैसर्गिक सुंदरता बनाए रखने में कामयाब हैं?

इन सवालों का जवाब भी खज्जियार ने दिया। 1980 के दशक में जब मैं यहां पहली बार आया था, तब यहां सिर्फ एक सरकारी होटल हुआ करता था। घोड़े की लीद तो तब भी दिखती थी, पर दुर्दशा इतनी व्यापक और चहुंमुखी नहीं थी। खज्जी नाग के मंदिर के आस-पास कोई पक्का भवन नहीं था। गुजरे सालों में इतने सारे होटलनुमा होम-स्टे कैसे पैदा हो गए हैं? इतने रेस्टोरेंट बनाने की इजाजत किसने दे दी? हो सकता है, झील के किनारे का वह हिस्सा कुछ लोगों की मौरूसी जायदाद हो, पर झील को बचाने के लिए जरूरी था कि कम से कम उसके डूब क्षेत्र से तथाकथित विकास को दूर रखा जाता। ऐसा नहीं किया गया, दुष्परिणाम सामने हैं। हिमाचल में नई सरकार बनी है। आगे 2024 का आम चुनाव है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू उसके लिए तेजी से काम कर रहे हैं। उन्हें इस दिशा में गंभीर कार्ययोजना बनानी चाहिए।

पर्वतों की गोद में बसी ऐसी रमणीक जगहों को बचाने का अकेला उपाय है, यहां कड़े नियम लागू किए जाएं और कुछ नए हिल स्टेशन विकसित किए जाएं। इसके लिए सत्तानायकों की प्रतिबद्धता जरूरी है, जिसका सिरे से अभाव है। उत्तराखंड के एक पूर्व मुख्यमंत्री से मैंने यह इच्छा प्रकट की थी। उनका जवाब चौंकाने वाला था। वह अति-आत्मविश्वास के साथ बोले- 'शशि शेखर जी, आप एक नया हिल स्टेशन बनाने की बात कर रहे हैं, मैं तो तेरह बना रहा हूं!' मैंने उनसे कहा था कि इतना बड़ा लक्ष्य एक कार्यकाल में असंभव लगता है। आप सिर्फ एक नए हिल स्टेशन की स्थापना क्यों नहीं करते? आजादी के बाद हमने एक भी कायदे की मनोरम पहाड़ी बसाहट विकसित नहीं की है। उनका जवाब था, 'आप देखते जाइए, सब हो जाएगा।' तीन साल के कम समय में ही उनकी पार्टी आलाकमान ने उन्हें पैदल कर दिया। झारखंड के भी एक पूर्व मुख्यमंत्री को मैंने यही कहा था। वह भी बात को टाल गए। जो नहीं जानते, उन्हें बता दूं कि ब्रिटिश काल में छोटानागपुर के चार स्थानों को हिल स्टेशन के रूप में मान्यता प्राप्त थी। नेतरहाट को क्वीन ऑफ हिल्स, रांची को शिमला ऑफ बिहार, हजारीबाग को मसूरी ऑफ बिहार और मैकलुस्कीगंज को 'ठंडी' जगह माना जाता था। आज ये सभी बदहाल हैं।

मैंने बचपन में मिर्जापुर को मानसून के दौरान हरियाते हुए देखा है। ज्यादा पानी बरसने पर जहां-तहां से जलधाराएं फूट पड़तीं। जरगो और रिहंद के जलाशय समंदर के सामीप्य का एहसास कराने लगते। मैंने सिरसी के झरने से निर्झरता का जो संगीत उन दिनों महसूस किया, वह बाद के वर्षों में दुर्लभ होता चला गया। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में पसरी विंध्य पर्वतमाला को खंडाला और लोनावला से बेहतर बनाया जा सकता है, पर हमने उन्हें अपनी मौत मरने के लिए छोड़ रखा है।

हम भारतीय अपनी प्राकृतिक धरोहरों के प्रति इतने संगदिल क्यों हैं?

जम्मू-कश्मीर की वुलर झील एक सदी में लगभग 45 प्रतिशत सिकुड़ गई है। सन् 1911 में इसका रकबा लगभग 158 वर्ग किलोमीटर होता था, जो सिकुड़कर 87 वर्ग किलोमीटर रह बचा है। ओडिशा के चिल्का झील की भी यही कहानी है। मूलत 2,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल वाली यह झील अब 1,165 वर्ग किलोमीटर रह गई है। केरल की वेंबनाड और महाराष्ट्र की लोनार भी बड़ी झीलें हैं, मगर वे भी बर्बादी की ओर हैं।

सेंटर फॉर साइंस ऐंड एनवायर्नमेंट (सीएसई) के एक अध्ययन के मुताबिक, 2001 में अकेले अहमदाबाद में 137 झील व बड़े तालाब दर्ज किए गए थे, लेकिन 2012 तक उनमें से 65 खत्म हो गए। आलम यह है कि तमाम महानगरों को सैकड़ों किलोमीटर दूर से पेयजल की व्यवस्था करनी पड़ रही है। मुंबई को 120 किलोमीटर दूर बहती नदी और झीलों से पानी मंगाना पड़ता है, तो चेन्नई को 200 किलोमीटर दूर वीरानम झील से। हैदराबाद 116 किलोमीटर दूर बहती कृष्णा नदी पर निर्भर है।

यह कहर सिर्फ इसलिए घनीभूत हो रहा है, क्योंकि हमने विकास के लिए प्राकृतिक नेमतों का विनाश जरूरी मान लिया है। आज विश्व पिकनिक दिवस है। अगर यही हाल रहा, तो पिकनिक की याद ही रह जाएगी, 'पिकनिक प्लेस' तो अतीत की गाथा बनने की ओर हैं।

# शांति के बाद की अशांत जिंदगियों का मसीहा

> उनका सपना था कि वह एक 'आर्किटेक्ट' बनें। मगर मां ने बेटे से कहा- इस मुल्क के लोग जिस त्रासद दौर से गुजरे हैं, उनके शरीर और मन, दोनों को लंबे समय तक देखभाल की दरकार होगी। आततायी शासन ने डॉक्टरों को भी मार डाला है। इसलिए डॉक्टर बनकर देश की सेवा करो!

आपने गौर किया है कि एक लंबे समय तक कोलाहल, कलह, भय या हिंसा के बीच जीने वाले लोगों और हमारे-आपके स्वास्थ्य में कितना बड़ा अंतर होता है? ऐसे हालात में जीने को मजबूर ज्यादातर लोग किसी न किसी मानसिक समस्या के शिकार बन चुके होते हैं। और यह समस्या स्थिति सुधरने के बाद भी लंबे वक्त तक उनका पीछा नहीं छोड़ती। कई बार तो यह सांसों के थमने के साथ खत्म होती है। कंबोडियाई डॉक्टर सोथेरा छिम से बेहतर भला इस पीड़ा को और कौन जान सकता है?

आज से 55 साल पहले कंबोडिया की राजधानी फ्नोम पेन्ह के एक संपन्न परिवार में छिम पैदा हुए। बहुत छोटे थे, तभी सिर से पिता का साया उठ गया था। मगर मां एक सरकारी अधिकारी थीं, लिहाजा घर में किसी किस्म की आर्थिक तंगी कभी नहीं रही। छिम का बालपन अच्छा गुजर रहा था। मगर जब वह सात साल के रहे होंगे, तभी कंबोडिया एक बदतरीन सियासी भूचाल की चपेट में आ गया। वहां की कम्युनिस्ट पार्टी के गुरिल्ले (खमेर रूज) राजधानी फ्नोम पेन्ह पर काबिज हो गए। नए निजाम ने लोगों को राजधानी खाली करने का हुक्म दिया। हालांकि, यह भी कहा गया कि चंद दिनों में ही सबको वापस बुला लिया जाएगा। छिम के परिवार को भी अपना घर छोड़ना पड़ा।



छिम तब सात साल के थे। वह क्या समझ पाते कि उन्हें बेघर क्यों होना पड़ रहा है? घर से निकलते वक्त बस यही ख्याल रहा कि कुछ किताबें साथ रख ली जाएं, ताकि जब लौटकर स्कूल पहुंचें, तो सहपाठियों से पीछे न रह सकें। उन्हें कहां पता था कि अब स्कूल बेमानी हो चुका है और उन सबकी जिंदगी रातोंरात एक भयानक करवट ले चुकी है? मार्क्सवाद के नाम पर उनके साथ जुल्म किया जा चुका था, क्योंकि फिर से बुलाए जाने का वादा झूठा था। छिम और उनके परिवार के छह सदस्य मीलों पैदल चलकर कांडल सूबे के कांडल स्टूएंग जिले पहुंचे। वहां पहुंचते ही एक और अनहोनी हो गई। हजारों की भीड़ थी, पता नहीं कब अपनों से छिम का संग छूट गया! एक तो नियति ने क्रूरता की थी, उस पर नया निजाम भी कम निर्मम न था। छिम को हमउम्र बच्चों के साथ एक झोंपड़ी में रहने को कहा गया। इन सभी बच्चों को एक नहर खोदने के लिए तैयार किया जा रहा था। खमेर रूज के लड़ाके इन मासूमों को खेलने भी नहीं देते थे; उन्हें काम करने के लिए मजबूर किया जाता। छिम जैसे न जाने कितने बच्चों से उनका बचपन छीन लिया गया था।

वे बेहद पीड़ादायक दिन थे। जिस उम्र में अपनों के स्नेह और स्कूल के ज्ञान व अनुशासन की सबसे अधिक जरूरत होती है, उस आयु में घंटों की मजूरी के बाद भी छिम को भरपेट भोजन नहीं मिलता और न ही सोने की कोई सुकून भरी जगह नसीब होती थी। उन्हें नंगे पांव चलना पड़ता और थकान के बाद भी नींद इस खौफ से दूर भाग जाती कि कहीं इसके लिए भी पिटाई न हो जाए। करीब तीन साल बाद 1978 में वह अपनी मां से मिल सके। दोनों तरफ की आंखों ने सब्र की किसी भी हद को मानने से इनकार कर दिया था। इसके एक साल बाद खमेर रूज के बर्बर शासन के अंत के साथ छिम का पूरा परिवार एक हो सका।

तब वह 11 वर्ष के थे। वे फ्नोम पेन्ह स्थित अपने घर लौट आए थे। जिंदगी पटरी पर लौटने लगी थी। एक बार फिर छिम किताबों और स्कूल की दुनिया में रमने लगे थे। उनका सपना था कि वह एक 'आर्किटेक्ट' बनें। मगर मां ने बेटे से कहा- इस मुल्क के लोग जिस त्रासद दौर से गुजरे हैं, उनके शरीर और मन, दोनों को लंबे समय तक देखभाल की दरकार होगी। आततायी खमेर रूज ने जातीय सफाये के तहत देश के अनेक होनहार डॉक्टरों को भी मार डाला है। इसलिए डॉक्टर बनकर देश और इंसानियत की सेवा करो!

मां का आदेश था और खुद का कटु अनुभव भी, छिम ने मेडिकल की पढ़ाई को अपना लक्ष्य बना लिया। स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद सन् 1992 में उन्होंने 'यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ ऐंड साइंस' से स्नातक की डिग्री हासिल की। करीब एक वर्ष तक बतौर डॉक्टर कंबोडिया में ही नौकरी करने के बाद छिम ने कंपोंग छंग सूबे में मेडिकल स्वयंसेवी के तौर पर काम करने का फैसला किया। वहां वह यह देखकर द्रवित हो उठे थे कि कई सारे लोग खुदकुशी करना चाहते हैं। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों में कई मरीजों को एक साथ रोते-हंसते देखा था। मगर ऐसे लोगों के बारे में अमूमन यही धारणा दिखती कि इन पर बुरी आत्माओं का साया है।

कंबोडिया में बढ़ती मानसिक समस्या को देख छिम सदमे में थे। किसी जंग या जातीय संघर्ष का लोगों की मानसिक सेहत पर कितना बुरा असर पड़ता है, उन्होंने इसका अध्ययन शुरू कर दिया। वर्ष 1994 में नॉर्वे की ओस्लो यूनिवर्सिटी ने कंबोडिया में मानसिक स्वास्थ्य विकास कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके तहत राजधानी के एक अस्पताल में जिन 10 डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया गया, छिम उनमें से एक थे। इसके बाद उन्होंने न्यू साउथ वेल्स से साइक्लोजिकल मेडिसिन में एमडी और मेलबर्न की मोनाश यूनिवर्सिटी से 2012 में पीएचडी की डिग्री हासिल की।

**प्रस्तुति चंद्रकांत सिंह**

# मंत्रों ने उन्हें भारत आमंत्रित किया

भारत अनहद है। दुनिया में हर जगह है, कहीं ज्यादा, कहीं कम। हो भी क्यों न? बुरी से बुरी स्थिति में भी भारतीय मानस सदियों से विश्व परिवार के स्वप्न देखता रहा है। उस दिन भी नीदरलैंड में धर्म की जय और विश्व के कल्याण के सनातन लक्ष्य के साथ हवन-प्रवचन चल रहा था। आगंतुकों में वह रूसी अभिनेत्री-नर्तकी भी थीं, जो अपने देश से निकलकर भटक रही थीं। उन्हें एक किताब की दुकान पर इस भारतीय कार्यक्रम की सूचना नोटिस बोर्ड से मिली थी। भारतीय आध्यात्मिक विद्वान जे कृष्णमूर्ति के नेतृत्व में थियोसोफिकल सोसायटी का विशेष आयोजन था। वहां अग्नि प्रज्ज्वलित थी और कृष्णमूर्ति अपने गंभीर-स्नेहिल स्वर में मंत्रोच्चार कर रहे थे। उनके मुखमंडल पर देवताओं के प्रति गहरा प्रेम खिल रहा था, मानो, प्रेम से यदि न पुकारा जाए, तो देवता सुनेंगे ही नहीं।

ओम स्थान देवताय नम स्वाहा...ओम ब्रह्माय नम स्वाहा...। इस पुकार पर उस अभिनेत्री का ध्यान जब अटका, तब तक कुछ देवताओं को पुकारा जा चुका था। यह क्या है? कोई ऐसे क्यों पुकार रहा है? संपूर्ण स्वच्छता और पवित्रता के साथ ऐसे पुकारना- ओम ब्रह्मा मुरारी त्रिपुरांतकारी...। वह चकित थीं, उन्हें हर्ष की अनुभूति हो रही थी। लग रहा था कि यह आह्वान वह सदियों से सुन रही हैं। ये जादुई स्वर कानों तक पहले क्यों न आए? क्या वह यही सब सुनने के लिए भटकती रही हैं? सेंट पीटर्सबर्ग, मॉस्को, लातविया, पोलैंड, बर्लिन में तो रही ही हैं और न जाने कहां-कहां काम के सिलसिले में गई हैं? पर यहां आकर एहसास होता है कि बहुत कुछ या सब कुछ मिल गया। कहते हैं, यह धर्म का भाग है, पर इसे रूसी सत्ता ने प्रतिबंधित कर रखा है। मंत्रोच्चारण सुनकर लग रहा था, मानो बहुत कुछ भूला-बिसरा उन्हें याद आ रहा हो। ममत्व, अपनत्व से सराबोर स्वाभाविक। उनकी दशा-दिशा ही बदल गई। सब कुछ उलट-पलट गया और फिर भारतीयता के प्रति मन में अथाह प्रेम उमड़ा। रोम-रोम प्रणाम की मुद्रा में आ गया और उधर मंत्रोच्चारण चल रहा था... गुरुर्ब्रह्मा, गुरुर्विष्णु, गुरुर्देवा महेश्वर।



भारत के साथ हुए ऐसे भव्य साक्षात्कार को भुलाना मुश्किल हो गया। काम करते हुए, उठते-बैठते, केवल मंत्रोच्चार चलता रहता था। मन बनने लगा कि एक बार भारत चलना ही पड़ेगा, पर मन से पास आया भारत, तन से दूर था। भारत जाना आसान नहीं था, कुछ संशय भी थे। बहरहाल, वह सुंदर थीं, तो विवाह प्रस्ताव करने वाले भी खूब थे। एक बैंकर लड़के का प्रस्ताव आया, तो अभिनेत्री ने शर्त रख दी कि बस एक बार भारत देख आऊं, तो विवाह कर लूंगी। फिर क्या था, बैंकर ने भारत भ्रमण का पूरा खर्च उठाया। अभिनेत्री ने दक्षिण से उत्तर तक पूरा भारत देखा, तीन महीने में भारत के प्रति प्रेम और गाढ़ा हो गया। उन्होंने मन ही मन अपनी जिंदगी का फैसला कर लिया। वह भारत से लौटीं। अपने मंगेतर को सगाई की अंगूठी लौटा दीं और अपने कीमती समान बेचकर फिर पहुंच गईं भारत।

अब भारत तो बहुत विशाल है, उसे कहां से थामा जाए? वह प्रयास में लग गईं कि कैसे जल्दी से जल्दी भारतीय बना जाए? इस बीच हिंदी फिल्म में काम करते हुए उन्हें एक नाम मिल गया इंद्रा देवी। काफी सोचने के बाद उन्हें लगा कि उन्हें भारतीय विद्या योग सीखनी चाहिए। तब भारत में सर्वश्रेष्ठ योगगुरु थे तिरुमलाई कृष्णामाचार्या। वह समाज में चली आ रही परंपरा के अनुसार, स्त्रियों को योग की शिक्षा नहीं देते थे, पर इंद्रा देवी के हठ व प्रयासों के आगे उन्हें बेमन से ही सही, मानना पड़ा। योगगुरु ने उन्हें खूब कड़ाई से प्रशिक्षित किया और जल्दी ही समझ गए कि उनकी यह शिष्या हार नहीं मानेगी। गुरु ने आशीर्वाद के साथ आदेश दिया कि अब योग शिक्षक बन जाओ।

पश्चिम को मानो एक अपने योग शिक्षक की प्रतीक्षा थी। अनेक देशों में रहकर इंद्रा देवी ने योग सिखाया। भारतीय संस्कृति के प्रति उनका प्रेम अतुलनीय था। उन्होंने जब अमेरिका की नागरिकता स्वीकार की, तब आधिकारिक रूप से अपना नाम यूजिनी पीटरसन से बदलकर इंद्रा देवी कर लिया।

**प्रस्तुति ज्ञानेश उपाध्याय**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### युवा संगम के तहत नागालैंड राज्य से पधारी टीम का बीएसपी अर्ध दिवसीय भ्रमण

**भिलाई।** भारत सरकार की अनूठी पहल 'युवा संगम' के द्वितीय चरण के तहत 16 जून 2023 को नागालैंड राज्य के 42 विद्यार्थियों एवं चार समन्वयकों की एक टीम, एन आई टी रायपुर के शिक्षकों/समन्यावकों के नेतृत्व में भिलाई इस्पात संयंत्र के अर्ध-दिवसीय भ्रमण के लिए आये थे। उल्लेखनीय है की भारत सरकार की इस पहल के अंतर्गत युवाओं और विद्यार्थियों को 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने हेतु एक-दुसरे के राज्यों का भ्रमण कराया जाता है। तदनुसार, उपरोक्त टीम ने मानव संसाधन विकास केंद्र के सभागार में स्वागत एवं ब्रीफिंग सत्र के पश्चात संयंत्र का अर्ध दिवसीय भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान उन्होंने कोक ओवन, ब्लास्ट फर्नेस-8, एसएमएस-3 एवं यूआरएम के अवलोकन के पश्चात बेस किचन में दोपहर का भोजन किया। समापन सत्र के दौरान संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता की ओर से महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) श्री अमूल्य प्रियदर्शी ने विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये। तत्पश्चात, मानव संसाधन विकास केंद्र में आयोजित समापन सत्र में टीम के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए इस भ्रमण को अत्यंत यादगार एवं खुशनुमा बताया। इसके लिए उन्होंने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन का हार्दिक आभार जताया। इस कार्यक्रम के स्वागत सत्र के दौरान स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) अमूल्य प्रियदर्शी द्वारा दिया गया।

### नेहरू आर्ट गैलरी में खैरागढ़ के विद्यार्थियों की पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर में इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के वरिष्ठ छात्र, राज्य के युवा चित्रकार एवं देश के अन्य कलाकारों की संयुक्त प्रदर्शनी हेतु 13 कलाकारों द्वारा निर्मित पेंटिग्स की समूह प्रदर्शनी का आयोजन 19 से 21 जून, 2023 तक किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) अजय कुमार चक्रबर्ती के मुख्य आतिथ्य में संध्या 6 बजे सम्पन्न होगा। यह प्रदर्शनी 19 से 21 जून तक प्रतिदिन संध्या 5.30 से 8.30 बजे तक जनता के दर्शनार्थ खुली रहेगी। इस प्रदर्शनी में पेंटिंग के विभिन्न शैली में बनी कलाकृतियां प्रदर्शित की जायेंगी। इन कृतियों में रंगों और विषयों का अद्भुत संयोजन देखने को मिलेगा। इन प्रदर्शनी में लैंडस्केप, फेस, महिलाएं, ग्रामीण परिवेश, देवी देवता आदि की पेंटिंग्स शामिल है। इस प्रदर्शनी का संयोजन शिल्पकार राजेंद्र सुनगरिया द्वारा किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी के सभी कलाकार इंदिरा कला एवं संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ के पूर्व छात्र हैं।

# मुख्यमंत्री की आत्मीय मेजबानी से अभिभूत हुए बस्तर संभाग के मेहमान

### भेंट-मुलाकात के दौरान बस्तर संभाग में जिन ग्रामीणों के घर मुख्यमंत्री ने भोजन किया, उन्हें आज अपने निवास पर कराया भोज

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में प्रदेश की विधानसभाओं में पहुंचकर वहां लोगों से प्रत्यक्ष मुलाकात की थी और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति जानी थी। इस दौरान उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के ही ग्रामीण परिवारों के साथ उनका पारंपरिक भोजन किया था। ग्रामीण परिवारों ने भी अपने घर में मुख्यमंत्री का पारंपारिक तरीके से स्वागत किया और भोजन के दौरान मुख्यमंत्री से घर परिवार की बात की थी।



आज मुख्यमंत्री ने मेजबान बनके बस्तर संभाग के इन्ही ग्रामीण परिवारों को अपने घर दोपहर भोज पर आमंत्रित किया और शानदार मेहमान नवाजी की। इस अवसर पर संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक मोहन मरकाम, विधायक चंदन कश्यप, विधायक राजमन बेंजाम, विधायक विक्रम मंडावी, विधायक अनूप नाग सहित बस्तर संभाग के अनेक जनप्रतिनिधि, सरपंचगण उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अपने निवास में बस्तर से आये मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में जब हम लोग बस्तर गए थे, तब बहुत से साथियों के घर मैने भोजन किया था। आप लोगों ने बड़े अपनत्व और स्नेह के साथ स्वादिष्ट भोजन कराया था। आज आप लोग मुख्यमंत्री निवास में आये है, आप सभी का अभिनंदन है। आज मुझे भी आप लोगों को अपने निवास पर आमंत्रित कर स्वागत का अवसर मिला। आपके साथ परिवार के लोग और बच्चे भी आए है, आप सभी का स्वागत है।

मुख्यमंत्री ने स्वयं भोजन की टेबल पर जाकर ग्रामीणों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनका कुशल क्षेम पूछा, घर परिवार की बात की। मुख्यमंत्री निवास में मेहमानों को अनेक स्वादिष्ट व्यंजनों के साथ लाई बड़ी, रमकेलिया कढ़ी, लौकी की खीर, मावा बाटी भी परोसी गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों ने भेंट-मुलाकात के दौरान नयी नयी सब्जी-भाजी बनाया और बहुत प्यार से आपने मुझे खिलाया। पखांजूर में आश्रम में ही भोजन की व्यवस्था थी। आज यहाँ भानूप्रतापपुर, सुकमा, कोंडागांव सहित बस्तर संभाग की सभी विधान सभा के हमारे साथी यहां आए हैं सबका स्वागत है। सबके घर में मैंने नमक खाया है तो मैंने सोचा कि मुख्यमंत्री निवास में सभी लोगों को बुलाकर भोजन कराऊँ। सरगुजा और रायपुर संभाग के लोगों को भी मैंने बुलाया था हर संभाग के लोगों को बुलाकर विधायक, जनप्रतिनिधियों, सरपंच और जिनके परिवार में मैंने भोजन किया है उन सभी को यहां आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि भेंट मुलाकात का कार्यक्रम हमने पिछले वर्ष 4 मई से शुरू किया था इसे 1 वर्ष हो गया और आज 17 जून है। बहुत बढ़िया भेंट मुलाकात कार्यक्रम हुआ और बहुत सारे लोग लोगों से बात भी हुई। योजनाओं की मैदानी स्थिति के बारे में भी जानकारी हुई, विकास कार्यों की मांग भी हुई, उनकी भी मैंने घोषणा की और उसके बाद फिर समाज के लोगों से मुलाकात हुई। आज मुख्यमंत्री निवास में सभी पूरे परिवार के साथ, अपने माता-पिता और बच्चों के साथ आए हुए हैं। उन्होंने आतिथ्य स्वीकार करने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### कांति मंडावी घर से बना कर मुख्यमंत्री के लिए लायी स्वादिष्ट मूँग-बड़ा

मुख्यमंत्री ने भोजन कर रहे केशकाल विधानसभा के ग्राम धनोरा से आए श्री सुरेंद्र मंडावी से बात करते हुए कहा कि आपके यहां हम सभी ने आंगन में बैठकर भोजन किया था। मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा पूछे जाने पर कि आप यहां पहली बार आए हैं, कैसा लग रहा है। श्री मण्डावी ने प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने बताया कि वे आज यहाँ अपनी पत्नी, भाभी और बच्चों के साथ आये हैं। श्रीमती कांति मण्डावी मुख्यमंत्री के लिए घर से बने मूँग-बड़े लाई थीं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बड़ी आत्मीयता से मूंग-बड़ों का स्वाद चखा और उनकी इस स्नेह भरी भेंट के लिये उन्हें धन्यवाद दिया।

## उपराष्ट्रपति ने नागरिकों से जल संरक्षण को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली/रायपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज सभी नागरिकों से जल संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की ताकि जन आंदोलन की भावना जल आंदोलन को गति दे सके। विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आज चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में अपने संबोधन के दौरान, उपराष्ट्रपति ने हमारे पारंपरिक जल संचयन संरचनाओं जैसे कि जोहड़ों (तालाबों) को पुन: उपयोग और पुनर्चक्रण के 3 आर रिड्यूस, रियूज और रिसाइकिल के माध्यम से पुनर्जीवित करने का आह्वान किया। जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए विजेताओं को बधाई देते हुए, उपराष्ट्रपति ने पंचायत, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सभी जनप्रतिनिधियों से जल संरक्षण को प्राथमिकता देने और उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करने का आह्वान किया। राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों और



मौलिक कर्तव्यों जैसे संवैधानिक प्रावधानों जो जल और पर्यावरण के संरक्षण पर जोर देते हैं, की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, उपराष्ट्रपति ने जल जीवन मिशन जैसी सरकारी पहलों का आम नागरिकों के जीवन पर पड़ रहे परिवर्तनकारी प्रभाव पर प्रकाश डाला। यह देखते हुए कि जल का संरक्षण हमेशा भारत की सभ्यतागत प्रकृति का एक अभिन्न पहलू रहा है, उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह प्रकृति के उपहारों का बुद्धिमानी से उपयोग सुनिश्चित करे। उन्होंने जोर देकर कहा प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग हमारी इष्टतम आवश्यकता के अनुसार होना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह का उद्घाटन एक प्रतीकात्मक जल कलश के माध्यम से किया, इस समारोह में 11 श्रेणियों में 41 विजेताओं को सम्मानित किया गया। उपराष्ट्रपति ने जल संरक्षण के संदेश को बढ़ाने के लिए दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले राष्ट्रीय जल मिशन के शुभंकर, एनिमेटेड चरित्र पीकू की विशेषता वाली एक लघु फिल्म का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री, प्रह्लाद सिंह पटेल, जल शक्ति और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री, बिश्वेश्वर टुडू, जल शक्ति और जनजातीय मामलों के राज्य मंत्री, पंकज कुमार, सचिव, जल संसाधन विभाग, नदी विकास और गंगा संरक्षण, जल शक्ति मंत्रालय उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जल शक्ति मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों को मिले स्वच्छ एवं सुविधाजनक माहौल - कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे मेरा दफ्तर, मेरा घर अभियान के तहत सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई की दृष्टि से कार्यालयों में परिवर्तन आया है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने कलेक्टोरेट आने वाले आगंतुकों को स्वच्छ एवं सुविधाजनक माहौल देने के लिए दफ्तर से लेकर गार्डन तक की साफ-सफाई की।

कलेक्टर श्री सिंह को कलेक्टोरेट गार्डन में सफाई करते हुए देखकर कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी भी प्रेरित होकर सफाई अभियान का हिस्सा बने। कलेक्टर श्री सिंह ने कलेक्टोरेट गार्डन में झाड़ू लगाई, खरपतवार, पन्नी जैसे अन्य कचरों को उठाकर उसे नष्ट किया। इसी तरह जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई कर फाईलों को व्यवस्थित एवं अनुपयोगी वस्तुओं को नष्ट किया गया। गौरतलब है कि प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक शासकीय कार्यालय की साफ-सफाई की जा रही है। शासकीय कार्यालयों में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए साफ-सफाई की जा रही है। सफाई अभियान अंतर्गत रिकार्ड व्यवस्थित रखना है। इस अभियान के अंतर्गत शासकीय कार्यालयों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक करना है। जिससे कार्यालयीन कर्मचारियों को सभी आवश्यक फाईले समय में मिले एवं कार्य शीघ्रतापूर्वक किया जा सके और कार्यालय में स्वच्छता का वातावरण बना रहे। कलेक्टर श्री सिंह के साथ अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप तोमर सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सरस्वती बंजारे, डिप्टी कलेक्टर श्री अमीय श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती शिल्पा देवांगन, जिला कोषालय अधिकारी श्री अभिषेक शर्मा, उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरप्रीत कौर सहित राजस्व विभाग, जनसंपर्क विभाग, उद्यानिकी, योजना एवं सांख्यिकी विभाग, नगर निगम सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने कलेक्टोरेट गार्डन में साफ-सफाई की। आज कलेक्टोरेट सहित जिला पंचायत, नगर निगम, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कौशल विकास प्राधिकरण, आदिम जाति विभाग, कृषि विभाग, पीएमजीएसवाई कार्यालय, वन विभाग कार्यालय, समस्त एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय, जिले भर के सभी शासकीय कार्यालयों में साफ-सफाई की गई।

## श्रृंखला को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। श्रृंखला यादव को श्रद्धांजलि देने उमड़े लोग श्रृंखला यादव श्रद्धांजलि सभा में सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर नम आंखों से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में ममता यादव ने रोते हुए मंच से कहा कि जब तक अपराधी को सजा नहीं मिल जाती तब तक मै चैन से नहीं बैठ सकतीं मेरी अंतिम सांस मेरी बेटी को न्याय दिलाने तक तड़पती रहेगी। श्रृंखला यादव की चतुर्थ पुण्य तिथि पर श्रृंखला मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा श्रृंखला चौक दुर्गा मंदिर, छत्तीसगढ़ सब्जी मंडी, रुवांबांधा के प्रांगण में भिलाई की बेटी श्रृंखला की स्मृति में वृक्षारोपण किया गया।




तत्पश्चात श्रृंखला के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने श्रृंखला के लिए एक मत होकर पुरजोर से त्वरित न्याय की मांग करते हुए इंसाफके लिए मां दुर्गा से प्रार्थना करते हुए श्रृंखला के कातिल को फांसी दो के गगन भेदी नारे के साथ न्याय की गुहार लगाई गई। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि लचर सिस्टम व्यवस्था लचर कानून व्यवस्था के कारण देश में लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा गरीब लोग खर्चीली न्याय व्यवस्था के लिए दर-दर कहां भटके। हमें भी अन्याय के लिए खड़े होकर एकजुट होना पड़ेगा तभी हमें न्याय मिलेगा आज कितने दुर्भाग्य की बात है कि एक अपराधी को बचाने के लिए 10 वकील खड़े हो जाते हैं मगर गरीब आदमी न्याय पाने के लिए कहां किसके पास जाएं कितना धन खर्चा करें। हमारी आज जन भावनाएं मर चुकी है आज भिलाई में अपराध बढ़ रहे हैं अपराधी सरेआम घूम रहे हैं नाबालिग का विषय बनाया जा रहा है आखिर हमें न्याय कब मिलेगा मनुष्यता मर चुकी है हमें संगठित होकर प्रयास करना चाहिए निर्भया कांड में 7 सालों में अपराधियों को मृत्युदंड मिला न्याय में देर हो सकती है न्याय मर रहा है इस पर भी चिंता करने की आवश्यकता है। हमारे समाज को और संगठित कैसे हो यह ध्यान रखने की आवश्यकता है ममता यादव ने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाया गया है मगर बनने के बाद इतना समय क्यों लग रहा है यह चिंता का विषय है ममता यादव ने कहा कि हर दिन मेरा परिवार मानसिक पीड़ा से गुजर रहा है मैं अपने परिवार को हिम्मत कैसे दिलांऊ इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाएं रो रही थी ममता यादव ने कहा कि मैं इस दर्द को कैसे झेलूं आज बच्चे को न्याय कैसे मिले यह मेरे लिए चिंता का विषय है हत्यारे का कोई कोई धर्म नहीं होता हत्यारा किसी भी धर्म का हो उसे सजा मिलनी चाहिए हत्यारों को सजा नहीं मिल पा रही है इसलिए देश में बलात्कारियों और हत्याओं को घटना में निरंतर वृद्धि हो रही है हर दिन 77 रेप हो रहे हैं 80 हत्याएं हो रही हैं हर घंटे 3 रेप हो रहा है मौत की सजा मौत होनी चाहिए तभी देश में अपराधों पर अंकुश लगेगा । भाजपा नेता शारदा गुप्ता ने कहा कि साक्षी की मौत को भी बचाया जा सकता था मगर वहां के लोग खड़े होकर तमाशा बने रहे और उस बच्ची के साथ भी न्याय नहीं हो सका ममता यादव ने कहा कि मैं जीत अवश्य हासिल करूंगी न्याय में देर हो सकती है मगर अंधेर नहीं हो सकती मैं उससे अंतिम सांस तक उस अपराधी को सजा दिलाने के लिए मैं लड़ाई लड़ूंगी। रूद्र सेना के प्रमुख अरुण बेरी ने कहा कि हमारे साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है श्रृंखला यादव को न्याय दिलाने के लिए हमें रोड की लड़ाई लड़नी होगी हजारों लोग न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इंसाफनहीं मिल पा रहा इसमें सुधार की आवश्यकता है हमारा हर दिन खून जल रहा है। निशू पांडे ने कहा कि लगातार छत्तीसगढ़ में ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं कुछ माह पूर्व सुपेला में भी ऐसी घटनाएं घटी इस पर अंकुश लगाने के लिए सरकार को कठोर से कठोर नियम बनाने चाहिए भिलाई इस्पात मजदूर संघ के अध्यक्ष आईपी मिश्रा ने कहा कि आखिरी देश में ऐसा कब तक चलता रहेगा हमारे शहीदों ने अपना संपूर्ण जीवन इस देश के लिए बलिदान किया कि हमारा देश विश्व गुरु बनेगा अन्य देशों के लिए मिसाल बनेगा।

### बीएसपी के युवा अधिकारियों के लिए भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र में दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित

**भिलाई।** भिलाई प्रबंधन विकास केंद्र (बीएमडीसी), सेक्टर-7, भिलाई में बीएसपी के युवा अधिकारियों के लिए 16 एवं 17 जून 2023 को क्रिएटिविटी एंड इनोवेशन को बढ़ाना पर दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के माननीय कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री अजय कुमार चक्रबर्ती थे। अपने स्वागत भाषण में श्री चक्रवर्ती ने एक सफल संगठन के लिए इनोवेशन के महत्व के बारे में अपने प्रेरक शब्दों से प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम समूह कार्यों, गतिविधियों और लघु फिल्मों के साथ इनोवेशन आदि के साथ अत्यधिक आकर्षक रहा।

BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी
सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर किया नमन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस पर उनकी वीरता, साहस और देशभक्ति को किया नमन । डॉ महंत ने कहा कि, झांसी की रानी लक्ष्मी बाई सच्चे अर्थों में वीरांगना थी। उन्होंने मातृ भूमि के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। रानी लक्ष्मी बाई शौर्य और नारी शक्ति की मिसाल हैं, उनका व्यक्तित्व केवल महिलाओं के लिए ही नहीं पूरे समाज तथा देश के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।

### पिता द्वारा जीवन मूल्य की सिख जीवन पर्यंत साथ रहते है - डॉ महंत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पितृ दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को दी बधाई। डॉ. महंत ने कहा, पिता एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। एक ऐसा पवित्र रिश्ता जिसकी तुलना किसी और रिश्ते से नहीं हो सकती। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता की उंगली थामता है। नन्हा सा बच्चा पिता की उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। विस् अध्यक्ष डॉ महंत ने कहा कि, पिता चाहे कैसे भी वचन बोले, कैसा भी बर्ताव करे, संतान को उनके प्रति श्रद्धा और विनम्रता से आज्ञाकारी होना ही चाहिए। जीवन में पिता के योगदान के प्रति आभार प्रकट करना ही, पिता दिवस मनाने का मूलभूत आधार है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में पिता का एक अलग ही महत्वपूर्ण स्थान है। पिता द्वारा प्रदान किये गये जीवन मूल्य जीवनपर्यंत व्यक्ति के साथ रहते है।

### प्री बी.एड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में प्री बी.एड परीक्षा सलतापूर्वक संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बी.एड परीक्षा के लिए जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में प्री बी.एड परीक्षा सफ्लतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रथम पाली में शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय मोहला में 236 परीक्षार्थी शामिल हुए। वही यहां 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय मोहला में 306 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां 74 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मानपुर 169 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां इनका 51 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अंबागढ़ चौकी में 160 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां 40 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंबागढ़ चौकी में 117 परीक्षार्थी शामिल हुए। 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह शासकीय कन्या परिसर अंबागढ़ चौकी में 222 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह शासकीय लाल चक्रधर शाह महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी में 254 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां 83 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### रविशंकर विश्वविद्यालय में जेम्स एंड जेमोलॉजी में प्रवेश प्रारंभ

**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में शिक्षा सत्र 2023-24 के लिए जेम्स एंड जेमोलॉजी पाठ्यक्रम में प्रवेश 16 जून से प्रारंभ हो गया है। इसके लिए छात्र-छात्राएं रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट में जाकर लॉगिन कर प्रवेश ले सकते है। इस वर्ष 20 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष जहां 10 छात्र-छात्राओं को जेम्स एंड जेमोलॉजी में प्रवेश दिया गया था वहीं इस वर्ष 2023-24 से 20 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाएगा। इसकी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है और 16 जून से प्रवेश प्रारंभ भी हो चुका है। जो छात्र-छात्राएं जेम्स एंड जेमोलॉजी में प्रवेश लेना चाहते है वे रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट में जाकर एडमिशन लॉगिन में क्लीक करके यूजर नेम व पासवर्ड बनाकर कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते है।

# कोसरिया मरार-पटेल समाज छत्तीसगढ़ का मेहनतकश समाजः भूपेश बघेल

## नव निर्वाचित पदाधिकारियों पर शिक्षा, रोजगार, समाज सुधार के क्षेत्र में काम करने की बड़ी जिम्मेदारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है छत्तीसगढ़ का कोसरिया मरार-पटेल समाज एक मेहनतकश समाज है। जिसमें महिलाएं भी पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी बाड़ी में दिन-रात परिश्रम करती हैं। समाज में समानता का भाव है, पुरूषों के साथ महिलाओं को भी समानता का दर्जा है। यह समाज के प्रगतिशील होने की निशानी है। उन्होंने कहा कि आज किसी भी समाज की प्रगति के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। इस समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज के हित में, रोजगार के क्षेत्र में, शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, समाज सुधार के क्षेत्र में काम करने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में पसरा टैक्स खत्म कर दिया गया है। पसरा टैक्स की वसूली करने वालों पर शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज द्वारा आयोजित समाज के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने समारोह में समाज के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सामाजिक नीतियों, जिम्मेदारियों के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र नायक पटेल ने की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, शाकम्भरी बोर्ड के सदस्य पवन पटेल, छत्तीसगढ़ कोसरिया मरार पटेल समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री सुनील पटेल सहित राजेन्द्र प्रसाद पटेल, विद्याभूषण शुक्ल एवं समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समारोह में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज इस शपथ ग्रहण समारोह में 105 लोगों की बहुत बड़ी कार्यकारिणी ने शपथ ली। आप सभी को बहुत बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा कि आप सभी उन महापुरुषों के वंशज हैं, जिन्होंने पूरे देश में समाज सुधार का काम किया, जैसे ज्योतिबा फुले, जिन्होंने अपनी पत्नी को पूरे देश में पहली शिक्षिका बनाया। मुझे इस बात पर गर्व है कि मुझे ज्योतिबा फुले सम्मान भी प्राप्त हुआ है।

यह मेरा सौभाग्य है कि मैं वहां गया था। मैंने उस मकान को देखा, जहां समाज से परित्यक्त लोगों को चाहे वह किसी भी समाज के हों, जिन्हें घर से निकाल दिया गया, उनको आश्रय दिया गया था, जहां निरक्षर लोगों को साक्षर बनाने का काम किया जाता था। उस बावली उस कुएं को भी देखा जहां सभी समाज के लोगों को पानी पीने की अनुमति थी। उन्होंने छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। आज हमारे छत्तीसगढ़ में पटेल समाज एक मेहनतकश समाज है और मैं यह कह सकता हूं कि हमारे समाज में पुरुष कमाकर स्त्री को सौंपता है। परंतु मरार समाज में इसके उलट स्त्रियां मेहनत कर पुरुष को आय प्रदान करती हैं। ऐसी सभी मातृशक्तियों को जो आज यहां बैठी हैं मैं प्रणाम करता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत से अन्य समाजों में पर्दा जैसी कुरीतियां प्रचलित है, महिलाओं को बाहर काम करने की मनाही है लेकिन मरार समाज में बाड़ी में पटेल रहट (टेड़ा) से पानी निकालते थे और महिलाएं बाड़ी का काम संभालती थीं। यह दिन-रात मेहनत करने वाला समाज है। सूर्योदय के पहले से लेकर सूर्यास्त के बाद तक दिन रात मेहनत करने वाला समाज। मेहनत के साथ-साथ शिक्षा भी हमारे समाज में होना चाहिए, समानता का भाव तो समाज में है, समाज की प्रगति के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है, शिक्षा के बिना कोई समाज आगे नहीं बढता है।

मुख्यमंत्री ने समाज द्वारा रायपुर में सामाजिक भवन की मांग के संबंध में कहा कि भेंट-मुलाकात के दौरान हर विधानसभा में जिन समाजों को भवन की आवश्यकता थी, उन्हें भवन के लिए आर्थिक मदद दी। जिन्हें जमीन की आवश्यकता थी, उन्हें जमीन भी उपलब्ध कराने के निर्देश जिला प्रशासन को दिए गए। छत्तीसगढ़ के लोग ऋषि परंपरा का पालन करते हैं। प्रकृति से उतना ही लेना है, जितना हमें आवश्यकता है। धन संचय करने की हमारी प्रवृत्ति ही नहीं है, इसीलिए हमारे छत्तीसगढ़िया समाज के लोगों के पास पैसा नहीं होता। पहले वैवाहिक कार्यक्रम या अन्य सभी सामाजिक कार्यक्रम घरों में ही संपन्न हुआ करते थे। अब प्रायः सभी कार्यक्रमों के लिए भवन किराये में लिए जाते हैं, ऐसे समय में सभी समाजों को भवन की आवश्यकता है। भवन के लिए सभी समाजों को मदद दी गई। ताकि भवन की अनुपलब्धता के कारण किसी भी समाज को कोई भी कार्यक्रम करने के लिए किसी कठिनाई का सामना ना करना पड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के बजट में हमने सभी संभागीय मुख्यालयों में पिछड़ा वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए 100-100 सीटर छात्रावास का प्रावधान किया है ताकि हमारे बच्चे जो रायपुर, बिलासपुर आना चाहते हैं और पढ़ाई करना चाहते हैं उनको असुविधा न हो। अब जहां पर मैं जाता हूं वहां लोग सब्जी मंडी की मांग करने लगे हैं जशपुर गया वहां भी लोगों ने सब्जी मंडी की मांग की। बस्तर अब सब्जी के मामले में बड़ा बाजार बनकर उभर रहा है चाहे वहां पपीता हो, मिर्ची हो सभी का उत्पादन होने लगा है। छत्तीसगढ़ में कोल्ड चैन बनना चाहिए। इस दिशा में हमको काम करना है ताकि हमारी सब्जियां जल्दी खराब न हो और उत्पादकों को ज्यादा कीमत मिले। पिछले बार मरार समाज के सामाजिक सम्मेलन में समाज की मांग पर मैंने शाकंभरी जयंती की छुट्टी की घोषणा भी की है ।

# गोधन न्याय योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए युद्ध स्तर पर करें कार्य- कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट शक्ति कक्ष में शासन की महत्वाकांक्षी गोधन न्याय योजना की समीक्षा की। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शासन द्वारा ग्रामों के विकास हेतु महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना प्रारंभ की गई है, जिसके तहत ग्रामों में गौठान स्थापित किया गए है। इस योजना से गरीब एवं जरूरतमंद लाभान्वित हो रहे हैं। इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। शासन द्वारा परंपरागत जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गोबर खरीदी एवं गौमूत्र की खरीदी की जा रही है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट एवं गोमूत्र से जैविक कीटनाशक ब्रम्हास्त्र बनाया जा रहा है। कलेक्टर सिंह ने कहा कि गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गौठानों में गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट निर्माण करना शासन की विशेष प्राथमिकता वाली कार्य है। इस पर कृषि विभाग एवं जनपद सीईओ को विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन की गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त मात्रा में पानी एवं छाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं रखरखाव की नियमित रूप से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां वर्मी टांका एवं शेड निर्माण हो चुका है वहां गोबर खरीदी कर वर्मी कम्पोस्ट निर्माण में तेजी लाएं। उन्होंने कहा कि जिले के कोई भी गौठान गोबर खरीदी एवं वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन से वचिंत नहीं होना चाहिए। जिन किसानों ने वर्मी कम्पोस्ट खरीदने के लिए पर्ची कटा लिया है उनसे संपर्क कर वर्मी का उठाव किया जाए। खेती-किसानी के मौसम को देखते हुए वर्मी खाद उठाव में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने आने वाले बुधवार को गौठान में अभियान चलाकर किसानों से पर्ची काटकर वर्मी उठाव कराने कहा। इसके संबंध में गांवों में मुनादी कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने गौमूत्र की खरीदी एवं उससे बनने वाले कीटनाशक ब्रम्हास्त्र के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्रम्हास्त्र को सभी शासकीय स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों की पोषण वाटिका में उपयोग के लिए खरीदने कहा। कलेक्टर सिंह ने नेपीयर घास के संबंध में लक्ष्य की जानकारी ली। उन्होंने चारागाहों में समय पर नेपियर घास लगाने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया औंधी क्षेत्र का सघन दौरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन एवं पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह समेत आला अधिकारियों ने शुक्रवार को जिले के मानपुर विकासखंड क्षेत्र का सघन दौरा किया। इस दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा में कसावट लाने स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ जिले में महाअभियान चला कर बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड का निरीक्षण करते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों की प्रशंसा की। वहीं आँगनबाड़ी केंद्र पहुँच कर बच्चों से मिले। उन्होंने नन्हें बच्चों को चॉकलेट.बिस्किट भी वितरण किए।

कलेक्टर सुदूर वनांचल क्षेत्र दौरे के दौरान औंधी तहसील के ग्राम घोटिया कन्हार, नवागांव, घोड़ाझरी, पेंदोडी, शारदा, सरखेड़ा आदि गांवों का दौरा मोटरसाइकिल से किए। इस बीच क्षेत्रवासियों के समस्याओं से अवगत हुए। जिले के आला अधिकारियों को अपने बीच पाकर ग्रामीण खुश नजर आए। वहीं कलेक्टर ग्रामीणों से आमने-सामने बात कर आधिकारियों को मांगों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही क्षेत्र के मतदान केंद्रों, आंगनबाड़ी भवनों, स्कूलों आदि का जायज़ा लिया।

# चिन्हित दुर्घटनाजन्य स्थानों में अवरोधों को हटाया जाए और सुधार किया जाएः डॉ भुरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंन्द्र भुरे की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, नगर निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी उपस्थित थे।**




डॉ भुरे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के दुर्घटनाजन्य स्थानों को चिन्हित कर दुर्घटना के कारणों पर विचार किया गया है। उन्होंने कहा कि इन स्थानों में अवरोधक और अन्य स्थान जिनके कारण वाहन चालको को वाहन चलाने में परेशानी होती है।

उन सभी अवरोधों को हटाया जाए। चौक-चौराहों, अंधे मोड़ अवैध कट जो दुर्घटना के कारण बनते है, उन्हें सुधारा जाए और सड़कों का चौड़ीकरण किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि चिन्हित स्थानों पर आम जनता को सचेत करने के लिए दुर्घटना जन्य स्थल का बोर्ड और संकेतक भी लगाया जाए।

बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि शहर में 24 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए है। जहां पर पिछले कुछ समय से बार बार दुर्घटनाएं हो रही है। एनएच-30 के अंतर्गत अभनपुर में राजलक्ष्मी ढ़ाबा, कमल विहार देवपुरी चौक में बने चैनलाईजर में झाड़ियों का झुड़ है, जिसके कारण वाहन चालको को मोड़ पर देखने की परेशानी होती है। भनपुरी तिराहा में यातायात का काफी दबाव के चलते इंजीनियर सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एनएच-30 के अंतर्गत ही रिंग रोड़-3 के मुख्य मार्ग में सुधार और पुल के नीचे दोनो ओर रम्बल्ड़ स्ट्रीप बनाए जाने की आवश्यकता है।

कलेक्टर डॉ भुरे ने कहा कि एनएच-30 मे दुर्घटनाजन्य स्थान के ढ़ाबा को हटाया जाए और देवपुरी चौक में लगे झाडियों की छटाई करे। साथ ही भनपुरी तिराहा में कार्ययोजना बना कर सड़क पर सुधार करे। उन्होंने पचपेड़ी नाका, संतोषी नगर सडक पर डिवाईडर बनाने, ग्राम फुंडहर चौक से देवपुरी मार्ग मे एक्सप्रेस-वे मार्ग में सड़क चौड़ीकरण करने, पण्डरी एवं शंकर नगर एक्सप्रेस-वे के नीचे आटोमेटिक ट्रैफिक सिग्नल लगाने के निर्देश दिए। साथ ही मेक-ईन-इंडिया चौक से वीआईपी सड़क की मोड पर झाडियों की झुड को हटाने को कहा।

बैठक में दुर्घटनाजन्य स्थान कुशालपुर ब्रिज का ढ़ाल, ग्राम सेमरिया टर्निंग, ग्राम बंगोली टर्निंग, मोवा ओवरब्रिज, श्यामनगर चौक कैनाल रोड़ सहित अन्य स्थानों पर चर्चा हुई और सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही भाठागांव बसस्टैड़ में बसों के समय-सारणी, टिकट दर को दर्शाने वाले बोर्ड या एलईडी वॉल स्क्रीन लगाने को कहा गया। इस अवसर पर अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# विविध



# घर के लिए सही फर्नीचर कैसे चुनें



**क्या आपने अपने सपनों का घर खरीद लिया है? आप कब से ये सपना देख रहे थे! जब आप होस्टल में कड़े पलंग पर सोते थे तभी आपने सोचा था कि जब आप अपना घर खरीदेंगे तो एक नर्म पलंग भी खरीदेंगे, है न? तो अब अपना सपना पूरा करने का समय आ गया है। परन्तु घर के लिए फर्नीचर खरीदने के पहले आपको कुछ सलाह की आवश्यकता है ताकि आप घर के लिए उचित फर्नीचर खरीद सके। घर के लिए उत्तम फर्नीचर का चुनाव कैसे करें? इस विषय में आपको बहुत सावधानी बरतनी होगी। तो अब घर के लिए उचित फर्नीचर का चुनाव करने के लिए किसी प्रकार का टेंशन लेने की आवश्यकता नहीं है। आपकी सहायता के लिए कुछ उपयोगी सलाह दी जा रही हैं।**

### बनावट देखें:

एल्युमीनियम के हल्के फर्नीचर के बजाय लकड़ी के भारी फर्नीचर खरीदें। लकड़ी का फर्नीचर कई सालों तक उपयोग में लाया जा सकता है तथा यह आपके घर को विशेष रूप प्रदान करता है। यदि आप भारी फर्नीचर नहीं खरीदना चाहते तो आप लकड़ी का पतला फर्नीचर भी खरीद सकते हैं।

### अपना बजट बनायें:

अपने घर के लिए उचित फर्नीचर का चुनाव कैसे करें? केवल अपना बजट निर्धारित करके। एक ही चीज़ खरीदने पर अधिक पैसे खर्च न करें क्योंकि आप उतने ही पैसों में और अधिक चीज़ें भी खरीद सकते हैं। इसके अलावा यदि आप कुछ वस्तुओं पर बहुत अधिक खर्च कर देते हैं तो आप अन्य फर्नीचर नहीं ले पायेंगे जो वास्तव में आपके लिए बहुत आवश्यक है।

### उचित डिज़ाइन चुनें:

आपको फर्नीचर के डिज़ाइन का चुनाव करते समय बहुत सावधानी बरतनी चाहिए। याद रखें, आप थोड़े थोड़े अंतराल के बाद इसे बदलने वाले नहीं हैं। तो ऐसे डिज़ाइन का चुनाव करें जो पूरी तरह आधुनिक हो तथा भविष्य में पुराना न दिखाई दे। इसके अलावा आप कुछ पारंपरिक प्रकार के फर्नीचर का चुनाव कर सकते हैं।

### थीम चुनें:

विशेषज्ञ कहते हैं कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपके घर में कितनी जगह है। इस बात का प्रभाव पड़ता है कि आप अपने घर के सौंदर्य को किस तरह चित्रित करते हैं। क्यों न ऐसा किया जाए कि किसी थीम का चुनाव करके उसके अनुसार घर को उसी प्रकार के फर्नीचर से सजाया जाए। आप बेडरूम के लिए विक्टोरियन थीम तथा लिविंग रूम के लिए मॉडर्न थीम का चुनाव कर सकते हैं।

### साज सज्जा पर ध्यान दें:

सही फर्नीचर के चुनाव के लिए इस बात पर ध्यान देना बहुत आवश्यक है। यदि आप लकड़ी के फर्नीचर का चुनाव करते हैं तो फर्नीचर की फिनिशिंग की अच्छी तरह जांच कर लें। यदि फिनिशिंग अच्छी नहीं है तो रंग ख़राब होने की संभावना बढ़ जाती है। विश्वसनीयता प्राप्त करने के लिए ब्रांडेड उत्पाद खरीदने का प्रयत्न करें।

### कमरे के आकार का ध्यान रखें:

आपका बेडरूम आरामदायक होना चाहिए। इसमें किंग साइज़ का बड़ा बेड न रखें। आपको बेडरूम में एक साइड टेबल और अलमारी की आवश्यकता भी होगी। तो कमरे के आकार के अनुसार फर्नीचर का चयन करें। इस प्रकार आप अपने घर के लिए उत्तम फर्नीचर का चुनाव कर सकते हैं।

### अपरंपरागत सामान देखें:

अपने घर को एक अलग रूप देने के लिए अजीब, अपरंपरागत और अनोखी चीज़ें खरीदें। विभिन्न प्रकार के रंगों और आकारों का उपयोग करें। यदि आप अंग्रेज़ी के बी आकार का वॉल हेंगिंग बुक शेल्फ लगाते हैं तो निश्चित ही आपके कमरे की संरचना कुछ अलग दिखेगी।

## अपने बच्चे को स्कूल के पहले दिन
# ऐसे करें तैयार

**बच्चों का स्कूल खुलना एक मुश्किल भरा समय होता है। हर बच्चा स्कूल जाने और नए साथियों से मिलने में हिचकिचाता है। हम आपको बता रहे हैं बच्चे को स्कूल के लिए पहले दिन तैयार करने के लाइक कुछ टिप्स...**

- बच्चे को बता दें कि उसका शेड्यूल कैसा होगा। उसके स्कूल के शुरू होने का खत्म होने का समय बता दें।
- बच्चे को स्कूल के बारे में अच्छी और बुरी बातें पूछें, उससे जानें कि वह स्कूल में कैसा महसूस करता है।
- बच्चे के साथ स्कूल जाएँ और स्कूल का टाइम शुरू होने से पहले उसके नए टीचर से मिलें।
- उसको स्कूल खुलने की सकारात्मक बातें बताएं। यह मजेदार होगा, उसे नए दोस्त मिलेंगे।
- बच्चे को बताएं कि स्कूल के पहले दिन हर बच्चा नर्वस होता है।
- उसके लंच बॉक्स में एक नोट छोड़े ताकि उसे लगे कि वह जब स्कूल में है तो आपको उसकी फिक्र है।
- अपने बच्चे को विश्वास दिलाएँ कि उसे स्कूल में जब भी कोई परेशानी होगी तो वहाँ पर ही होंगे।
- स्कूल के पहले दिन उसे उसकी कक्षा के छात्र से मिलवा दें ताकि स्कूल शुरू होने से पहले उसका एक दोस्त हो।
- अपने पड़ोस के बच्चों के साथ वह पैदल या बस में स्कूल चला/चली जाये इस तरह की व्यवस्था करें।
- स्कूल के बाद की एक्टिविटीज़ का पता लगाएँ कि क्या वह उनमें शामिल हो सकता/सकती है? जैसे कि बैक टू स्कूल पार्टी या फिर स्पोर्ट्स टीम जॉइन करना आदि।



# आप नहीं जानती होंगी साड़ी पहनने के ये तरीके

फैशन और स्टाइल की बात हो तो यह ग्लैमर गर्ल पीछे नहीं रहती, वो कैसे तो देखिये-सोनम कपूर, काजोल, शिल्पा आदि की डिजानर साडियां जिन्हें वो पहनकर क्या लग रही हैं। अगर आप भी शादी, पार्टी के फंक्शन में जाना हो या फिर घर में ही बहन की शादी, अपने मन में सोचकर रखा है कि इस बार तो डिजाइनर साडी ही पहनेगी। लेकिन हर बार की तरह कुछ भी समझ नहीं आ रहा है कि कैसे और कहां से डिजाइनर साडी खरीदे या डिजाइन करवाएं। ऐसे में आपको बॉलीवुड की अभिनेत्रियों से बहुत ही अच्छी से मदद मिल सकती हैं। उनके द्वारा पहनी गई साडी से आप अपने लुक्स में स्टाइल ला सकती हैं। आइये आगे की स्लाइड्स पर देखते हैं कि कैसे बी-टाऊन की अभिनेत्रियां ने अपनी साडी की स्टाइल...



बॉलीवुड में 50 के दशक से लेकर वर्तमान दौर तक साडियों का रूप-रंग और स्टाइल जरूर बदल गया है, अगर कुछ वहीं बदला है, तो उसकी लोकप्रियता और खूबसूरती। इसीलिए हम आपके लिए लेकर आएं है टेंडी साडी स्टाइल्स, जिन्हें आप आसानी से पहन कर शादी में अपना लुक को एक नया अंदाज दे सकती हैं और यहीं नहीं शादी में सबकी नजरें बस आप पर ही टिकी रहेगी।

किसी ने सही कहा महिलाएं पुरषो से दो कदम आगे हैं। नहीं समझे मतलब जैसे कि पुरुष पहले धोती कुरता पहनते थे तो अब महिलायों ने भी धोती साड़ी पहनना शुरू कर दिया है। धोती स्टाइल साड़ी को कई बॉलीवुड एक्ट्रेस पहन चुकीं हैं जिनमे सबसे पहला नाम आता है सोनम कपूर का। अगर आप भी धोती साड़ी पहनने की सोच रहीं हैं तो इसके लिए स्टिच धोती स्टाइल साड़ी खरीद सकती हैं या फिर अपनी पुरानी साड़ी को धोती स्टाइल में सिलवा सकती हैं।

### डबल पल्लू स्टाइल साड़ी

सुनकर थोड़ा अटपटा जरूर लगा होगा आपको लेकिन जबसे सोनम कपूर ने डबल पल्लू साडी पहनी हैं तब से लड़कियां इस फैशन की दीवानी हो गई हैं। डबल पल्लू साड़ी पहनने के लिए आप साडी पहनिए और साडी से ही मिलता जुलता एक दुपट्टा अपनी कमर में बाँध कर थोड़ा स्टाइलिश लुक देकर उसे रैप करिये ।इस ट्रेंडी अवतार को शादी में जरूर ट्राई करें।

### जैकेट स्टाइल साड़ी

साड़ी का लुक ब्लाउज़ से निखरता है। इसीलिए इसे ट्रेंडी बनाने के लिए जैकेट स्लाइल स्टिच ब्लाउज़ या फिर सिंपल ब्लाउज़ के लिए एक अलग वन टन जैकेट के साथ पहन सकती हैं। ब्लाउज़ का कलर साड़ी से कॉन्ट्रास्ट होना चाहिए. इसके लिए जैकेट वेल्वेट, एम्बेलिश्ट या ब्रोकेड वाली हो, तो यह साड़ी पर बहुत अच्छी लगेगी।

### डेनिम या लेगिंग के साथ साड़ी

लगा ना शॉक। जी हां अब आप साड़ी बिना पेटीकोट मेरा मतलब लेगिंग या डेनिम के साथ भी पहन सकती हैं। ये बेहद कम्फर्टेबल है और आपको चलने में दिक्क्त भी नहीं होगी। इस लुक को अपनाने के लिए साड़ी को डेनिम या लेगिंग के ऊपर रैप करें और साड़ी की प्लीट्स (चुन्नट) को लेफ्ट पैर पर ही डालें. दूसरे पैर से डेनिम या लेगिंग दिखने दें। इस लुक में साड़ी का पल्लु बाएं शोल्डर पर आएगा। इस डिज़ाइन को निदा महमूद डिज़ाइनर ने शुरू किया। आपको बता दें मलाइका भी अपनी नन्द अर्पिता की शादी में लेहिंग स्टाइल साड़ी में नजर आई थीं।

# अपने पुराने लुक से हो चुके हैं बोर, तो बदलें अपना हेयर स्टाइल

**सिंपल बालों से बोर हो चुकी हैं और कर्ली बालों का लुत्फ उठाना चाहती हैं तो, हेयर स्ट्रेटनर आपकी काफी मदद कर सकता है. जी हां इसकी सहायता से आप अपने बोरिंग लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं बड़े और बोल्ड कर्ल्स के लिए सबसे आसान और सीधा रास्ता है कि आप हेयर स्ट्रेटनर इस्तेमाल करें. सिंपल आयरन का इस्तेमाल करने से आपके बाल लूज हो सकते हैं. घर पर कर्ली हेयर कैसे पाए जाएं आइए जानते हैं-**

- बालों को कर्ली करने से पहले ये सुनिश्चित कर लें कि आपके बाल उलझे हुए न हों. स्ट्रेटनर इस्तेमाल करने से पहले ध्यान रखें क आपके बाल पूरी तरह से ड्राई हों.
- बालों पर हीट प्रोटेक्शन स्प्रे लगाएं और कंघी करते रहें. ध्यान रहें बालों को कर्ली करने का ये सबसे महत्वपूर्ण स्टैप है, क्योंकि इसके बिना स्ट्रेटनर और बालों के बीच बाधा उत्पन्न हो सकती है.
- अपने बालों को 3 भागों में बांटे- अपर, मिडिल और लोअर. अब बालों के हर हिस्से पर हेयरस्प्रे लगाएं और इन्हें क्लिप की मदद से बांध दें.
- धैर्यपूर्वक अपने बालों के नीचले हिस्से को सबसे पहले कर्ल करना शुरू करें. सेक्शन के हिसाब से आगे बढें और आयरन को दबाते हुए स्ट्रेटनर को बालों की जड़ों तक लेकर जाएं.
- जब सारे हिस्से कर्ल हो जाएं, तो पूरे बालों में हल्के हाथ से अंगुलियां चलाएं, ताकि ये पता लग सके कि बाल उलझे हुए तो नहीं हैं. अब बालों पर स्ट्रॉन्ग हेयरस्प्रे लगाएं, इससे कर्ल हटेंगे नहीं.
- इस बात का ध्यान रखें कि गीले बालों पर कर्ल करने से यह जल जाते हैं, इसलिए बालों को अच्छे से सूखाकर ही कर्ल करें.




दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332



खास खबर

## भिलाई के बच्चों ने हरिद्वार में लहराया छत्तीसगढ़ का परचम



**भिलाई।** आज जहां बच्चे पश्चात संस्कृति अपना रहे है वही कुछ बच्चे भारतीय संस्कृति और सभ्यता की अमीट छाप छोड़ते हुए आगे बढ़ रहें हैं ओर उसे गहराइयों से जानने की कोशिश कर रहे है। अपनी स्कूली पढ़ाई में प्रतिष्ठा हासिल करते हुए भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य भी सीख रहे है और उसमे भी पढ़ाई कर रहे है। अपनी कला को निखारने के लिए हाल ही में उत्तराखंड हरिद्वार में भागीरथी महोत्सव में कृष्णप्रिया कथक केंद्र के द्वारा आयोजित की गई थी उसमे अपना परचम लहरा कर आ रहे है। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, कोलकाता, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक आदि जगहों से बच्चो ने भाग लिया नृत्यगुरु खुशी जैन के मार्गदर्शन में बच्चो ने है प्रत्येक श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है। छत्तीसगढ़ सहित भिलाई दुर्ग का नाम रोशन करते हुए अनुष्का पाठक, डिंपल राव, उन्नति सोनकुसरे, अनीशा चौधरी, अक्षिता जैन, गिरिशा जैन, गरिमा सिंह, सुमन महतो, जी.जयंतिका राव, नंदिका नायर पी., आराध्या पाठक, रेनू साहू ने कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुति देते हुए यह बच्चो ने अलग अलग स्थान प्राप्त किया यह बच्चे निरंतर भरतनाट्यम में अभ्यासरत हैं। और आने वाले दिनों में भिलाई का नाम देश-विदेश में रोशन करेंगे

## तालाब सफाई का काम अंतिम चरण में, महापौर व आयुक्त ने तालाब में कचरा न फेंकने की अपील

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत ऐतिहासिक पोलसाय पारा तालाब की सफाई और जलकुंभी मुक्त करने का काम अंतिम चरण में चल रहा है। शहर के पूरे तालाब जलकुंभी मुक्त कर दिया जाएगा।तालाबो की सफाई में विधयाक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ पार्षदों ने श्रमदान किया।महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने तालाब किनारे स्थित दुकानों के संचालकों से तालाब में कचरा न फेंकने की अपील की। आयुक्त ने निगम अधिकारियों और ठेकेदारों को तालाबों को जलकुंभी मुक्त करने के काम में और तेजी लाने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पहले ही फैसला ले लिया था कि तालाब की पूरी सफाई कर इसे मूल स्वरूप में लाया जाएगा।शहर के ऐतिहासिक धरोहर को जिंदा करने की कोशिश लगातार जारी है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने तालाबो को साफ करने नए स्वरूप देने का बीड़ा उठाया है,नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा पोलसायपारा व अन्य तालाबो की सफाई की गई।तालाब से कई जलकुंभियों को बाहर निकाला गया।इस दौरान जनता से स्वच्छ भारत अभियान में नगर निगम का सहयोग करने अपील की।इसके साथ तालाब में पूजा सामग्री नही डालने कहा गया।पोलसायपारा तालाब में जलकुंभी उग गया था।जिन्हें जाल से लगातार निकला गया। इससे तालाबों का पानी साफ हो जाएगा।पानी को साफ रखने के लिए चुना डालने के निर्देश दिए।वही स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली ने अपने अमले को अन्य तालाबो की सफाई जल्द से जल्द पूरा करने की बात कही।

## दिव्यांगजनों के लिए खुला कौशल विकास केंद्र

**भिलाई।** दिव्यांगजनों की आत्मनिर्भरता के लिए समर्पित सृजन फाउंडेशन द्वारा संचालित अभिनव कौशल विकास एवं पुनर्वास केंद्र सेक्टर भिलाई का शुभारंभ बैंक ऑफ बड़ौदा सेक्टर 10 भिलाई के क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद काटकर किया। दिव्यांगों के कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा चार कंप्यूटर, एक टेबल एवं एक कुर्सी फाउंडेशन को दिए गए है। इस दौरान महासचिव राकेश शर्मा ने अपनी संस्था की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष ज्ञान चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीआर चन्नावर, अखिलेश उपाध्याय, अनुपम मंडल, प्रतिभा मंडल व बीना मिश्रा सहित प्रशिक्षणरत बच्चे उपस्थित थे।

## प्री बी.एड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में प्री बी.एड परीक्षा सलतापूर्वक संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित प्री बी.एड परीक्षा के लिए जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों में प्री बी.एड परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रथम पाली में शासकीय आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय मोहला में 236 परीक्षार्थी शामिल हुए। वही यहां 64 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार शासकीय महाविद्यालय मोहला में 306 परीक्षार्थी शामिल हुए। यहां 74 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### केंद्रीय मंत्रियों का दौरा केवल राजनीतिक जमीन तलाशने के लिए

# छत्तीसगढ़ में भाजपा चुनावी मुकाबले में कहीं नहीं-मरकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और अमित शाह के प्रस्तावित दौरों पर तंज कसते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि 15 साल के रमन राज के कुशासन के बाद 14 सीट में सिमट चुके भारतीय जनता पार्टी की स्थिति छत्तीसगढ़ में दिनोंदिन कमजोर होती जा रही है। भाजपा के तमाम हथकंडे छत्तीसगढ़ में नाकाम रहे। 2018 के चुनाव के दौरान धरमलाल कौशिक भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हुआ करते थे उसके बाद विक्रम उसेंडी फिर विष्णुदेव साय और अब भाजपा के सबसे निष्क्रिय सांसद अरुण साव को अध्यक्ष बनाए जाने से भाजपा कार्यकर्ताओ में घोर निराशा है।**



अरुण साव को बिलासपुर की जनता ने सांसद के रूप में चुना है। बिलासपुर जोन देशभर में सर्वाधिक कमाई करके देने वाला रेलवे जोन है, केवल माल भाड़े से 22,000 करोड़ से अधिक की आय केंद्र की मोदी सरकार को होती है लेकिन सुविधा के नाम पर केवल छलावा, हर महिने सैकड़ों ट्रेनें अचानक रद्द कर दी जा रही है, बिलासपुर से शुरू की गई हवाई सेवा भी अचानक रद्द कर दी गई इस पर भी सांसद अरुण साव मौन रहे। विगत साढ़े चार वर्षों में भाजपा के आधा दर्जन नए प्रभारी आ गए, 2018 में विधानसभा चुनाव के समय सौदान सिंह छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रभारी हुआ करते थे फिर डी पुरंदेश्वरी आई, नितिन नवीन, शिव प्रकाश, अजय जामवाल, ओम माथुर लाए गए। जिला कमेटी, मंडल और मोर्चा प्रकोष्ठों में भी बदलाव किए गए लेकिन हासिल शून्य रहा। 2018 के विधानसभा चुनाव के बाद 5 उपचुनाव हुए, 14 बड़े नगरीय निकायों सहित पंचायत चुनाव में भी भाजपा को करारी हार मिली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि विगत 1 वर्ष में लगभग दर्जन भर केंद्रीय मंत्री छत्तीसगढ़ आए। कोई भी मंत्री अपने विभाग की उपलब्धि या छत्तीसगढ़ के संदर्भ में किसी सौगात की जिक्र तक नहीं किया। भाजपा के तमाम नेताओं की सांप्रदायिक राजनीति, धर्मांतरण के तथ्यहीन आरोप और गोडसे प्रेम सर्वविदित है।

संवैधानिक पदों पर बैठे केंद्रीय मंत्री भी नफरत और उन्माद फैलाकर भाजपा के लिए राजनीतिक जमीन तैयार करने का कुत्सित प्रयास करते हुए दिखे। अब प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संभावित दौरों की खबरें भी आ रही है। दरअसल भाजपा का शीर्ष नेतृत्व भी मान चुका है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा चुनावी मुकाबले में कहीं नहीं है और छत्तीसगढ़ का भाजपा नेतृत्व विपक्ष का धर्म निभाने में पूरी तरह से असफल साबित हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि आम जनता के भरोसे का पर्याय बन चुकी कांग्रेस सरकार और कांग्रेस संगठन बेहतर तालमेल से चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है। एक तरफ छत्तीसगढ़ में जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सभी विधानसभा के 2-2 गांवों में भेंट मुलाकात कर आम जनता से सीधे फीडबैक ले रहे हैं, वही भरोसे का सम्मेलन भी आयोजित हो रहा है। विगत दिनों जगदलपुर में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी जी की उपस्थिति में भरोसे का सम्मेलन आयोजित किया गया था, उसके बाद पाटन विधानसभा के साकरा में दूसरा भरोसे का सहयोग सम्मेलन आयोजित हुआ। सभी 5 संभागों में संभागीय सम्मेलन संपन्न हो चुके हैं। विधानसभा स्तर पर संकल्प शिविर लगाए जा रहे हैं इसके साथ ही 23,000 से अधिक बूथ के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं का प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर मेरा बूथ मेरी जिम्मेदारी कार्यक्रम और प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। मंत्रियों के विभाग और प्रभार वाले जिलों के संदर्भ में भी सतत समीक्षा बैठक हैं।

अलग-अलग मंत्रियों के निवास पर आरंभ हो चुका है। आम जनता की समृद्धि, सुशासन और सामाजिक न्याय के पर्याय बन चुके कांग्रेस की भूपेश सरकार के समक्ष किसी भी प्रकार से चुनौती प्रस्तुत कर पाने में छत्तीसगढ़ भाजपा पूरी तरह से असहाय है।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को दुर्ग में करेंगे आमसभा




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल को भाजपा ने सेवा सुशासन व गरीब कल्याण की संज्ञा दी है इसे यादगार बनाने भाजपा द्वारा देशभर में 30 मई से 30 जून तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत लोकसभा क्षेत्रों में वरिष्ठ भाजपा नेताओं का सम्मान, केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभवंतित हितग्राहियों के लिए लाभार्थी सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

वहीं देश के 51 लोकसभा क्षेत्रों में केंद्रीय मंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं आम सभा कर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनवएंगे भाजपा केंद्रीय नेतृत्व द्वारा देश के 51 लोकसभा क्षेत्रों में आम सभा के लिए दुर्ग लोकसभा क्षेत्र का नाम भी चयन किया गया है इस कड़ी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 जून को स्थानीय पंडित रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में आमसभा को संबोधित करेंगे यह आम सभा सुबह 11:00 बजे शुरू होगी आम सभा में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के अलावा अन्य लोकसभा क्षेत्र से 50,000 से ज्यादा संख्या में कार्यकर्ताओं के जुटने की भाजपा नेताओं द्वारा दावा किया गया है जिसके तैयारी युद्ध स्तर पर जारी है यह बातें प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिव रतन शर्मा व दुर्ग संभाग भाजपा प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी ने शनिवार को मीडिया से संयुक्त चर्चा में कहीं प्रेस वार्ता के दौरान दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भिलाई भाजपा अध्यक्ष बृजेश ब्रिजपुरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता आर्थिक प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक कांतिलाल बोथरा जिला भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक अनूप गटागट भी मौजूद थे चर्चा में पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्षों के कार्यकाल पूर्ण होने पर विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत देश के 496 लोकसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं जिसमें बुथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की गई है इस कड़ी में दुर्ग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगमन से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

## मंत्री अकबर फोर्स ऐकडमी के खिलाड़ियों के बीच पहुंचे और उनका मनोबल बढ़ाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। राज्य शासन के वन, परिवहन, आवास,पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर का फोर्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने एक साथ ताली बजाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। मंत्री श्री अकबर ने जगदंबा पैलेस में फोर्स एकेडमी के खिलाड़ियों के साथ भेंट मुलाकात कर सीधा संवाद किया और खिलाड़ियों की मांगों को सुनी। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने खिलाड़ियों की सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सभी मांगो को पूरा किया।**



मंत्री श्री अकबर ने खिलाडियों की मांग और खेल सुविधाओं का विस्तार करते हुए सभी खिलाड़ियों को ट्रेक शूट और खेल सामग्री की घोषणा की। फोर्स ऐकडमी के खिलाड़ी ने इस घोषणा के लिए मंत्री श्री अकबर का धन्यवाद ज्ञापित किया। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने फोर्स ऐकडमी के खिलाड़ियों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री अकबर ने कहा कि खुब लगन के साथ मेहनत करें और आगे सफलता प्राप्त करें। यहां बताया गया कि पुलिस विभाग सुरक्षा के साथ-साथ सामुदायिक पुलिसिंग के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, उनमें से एक फोर्स एकेडमी भी है। फोर्स एकेडमी में 500 से अधिक जिले के युवक-युवतियों को छत्तीसगढ़ पुलिस बल, सीएफ सीआरपीएफ आर्मी, समेत विभिन्न भर्ती के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर कलीम खान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि होरी साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा साहू, पार्षद अशोक सिंह, नरेन्द्र देवांगन, एल्डरमेन देवराज पाली सहित फोर्स ऐकडमी के खिलाड़ी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने इससे पहले भी फोर्स ऐकडमी के खिलाड़ियों से मिलने आउटडोर स्टेडियम भी जा चुके है। जिले में खेल गतिविधियां को बढ़ावा देने और खेल संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाते हुए कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने फोर्स ऐकडमी के खिलाड़ियों की मांग पर 3 लाख रूपए की लागत से खेल सामाग्री (हाई जंप गद्दा) प्रदान कर चुके है।

# छह माह में 1.26 प्रतिशत कम हुआ कुपोषण, कलेक्टर ने की समीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रायपुर जिले में पिछले छह माह में ही कुपोषण में 1.26 प्रतिशत की कमी आई है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे के मार्गदर्शन में कुपोषण मिटाने के लिए चलाये जा रहे अभियानों के लिए यह एक अच्छी खबर है। रायपुर जिले में पिछले दिसम्बर माह में कुपोषण का प्रतिशत 12.18 था जो कि मई माह के अंत में 10.92 प्रतिशत तक गिर गया है।**



पिछली छहमाही में जिले में मध्यम कुपोषित बच्चों की संख्या में 991 की गिरावट आई है वहीं 216 गंभीर कुपोषित बच्चें भी कम हुए है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने आज जिले में संचालित महिला एवं बाल विकास विभाग की योजना और गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विकासखण्डों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों को नियमित समय पर खोलने और बच्चों के लिए गुणवत्ता पूर्ण पोषक और स्वादिष्ट भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. भुरे ने कुपोषण को और कम करने के लिए बच्चों के पालकों को अधिक से अधिक जानकारी देने, खान-पान के प्रति जागरूक बनाने और गर्भवती महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी कहा। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा, नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर जयंत नहटा, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती निशा मिश्रा सभी परियोजना अधिकारी भी शामिल हुए। गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए पालकों को जागरूक करने 'दुलार अभियान'- जिले में गंभीर और मध्यम कुपोषित छोटे बच्चों को सामान्य स्थिति में लाने के लिए पालकों का जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। दुलार अभियान के नाम से संचालित इस कार्यक्रम में दूसरे और चैथे मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला दुलार दिवस का आयोजन करता है। इस आयोजन में गांव के चिन्हांकित कुपोषित बच्चों के पालकों को बुलाकर उन्हें पोषण आहार और अन्य दूसरी जरूरी जानकारियां दी जाती है। कुपोषित बच्चों के लिए रेडी-टू-ईट पोषक आहार से बनाए जा सकने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों की जानकारी और विधि, पोषक आहार महत्व, साफ-सफाई और हाईजिन के फायदे भी इस दिन पालकों को बताये जाते है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर दुलार दिवस के दिन बच्चों का वजन भी लिया जाता है। छह माह के बच्चों को अन्नप्रासन संस्कार और बालभोज का आयोजन भी इस दिन केन्द्रों पर होता है। इसके साथ ही पोषक आहार और व्यंजनों की प्रदर्शनी भी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी इस दिन लगाई जाती है। जिले में अभी तक इस अभियान के अच्छे परिणाम मिले है। दुलार अभियान से अब तक छह माह से 3 वर्ष तक के 4 हजार से अधिक कुपोषित बच्चों को फायदा हुआ है। बैठक में कलेक्टर डॉ. भुरे ने मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एएनसी चेकअप, पंजीयन और उनका हीमोग्लोबिन टेस्ट कराने तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्म भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्रत्येक आंगनबाड़ी भवन में बिजली, पंखे, पानी, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी कलेक्टर ने बैठक में दिए।

## ऑक्सीजन प्लांट-2 में मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ऑक्सीजन प्लांट-2 में आपदा प्रबंधन अभ्यास के लिए दिनांक 13 जून 2023 को मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। ऑक्सीजन प्लांट-2 के 2000 मिलियन टन लिक्विड ऑक्सीजन टैंक को संवेदनशील इंस्टालेशन के रूप में घोषित किया गया है। विदित हो कि प्रत्येक विभाग में आकस्मिक आपदा से निपटने हेतु प्रोटोकाल बनाये गए हैं। इस प्रोटोकाल के जांच हेतु समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है।**




ऑक्सीजन प्लांट-2 में आखिरी मॉक ड्रिल 13 दिसंबर 2022 को हुई थी। इस अभ्यास के दौरान बीएसपी के सीआईएसएफ फायर ब्रिगेड, सेफ्टी इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट, एमएमपी-1, सिविल डिफेन्स तथा ऑक्सीजन प्लांट-2 के अधिकारियों व कार्मिकों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। लिक्विड ऑक्सीजन पंप के ब्रेकडाउन में भाग लेने के लिए 2000 टन लिक्विड ऑक्सीजन टैंक -1 में ऑक्सीजन प्लांट-2 के यांत्रिक रखरखाव के चार व्यक्ति काम कर रहे थे। अचानक लिक्विड ऑक्सीजन का अत्यधिक रिसाव हुआ। दो व्यक्ति फंस गए और दो व्यक्ति बाहर आए जिन्होंने बचाव के लिए अन्य लोगों को बुलाया। यांत्रिक विभाग के व्यक्ति ने बचाव के लिए चिल्लाने लगा और ओपी-2 के शिफ्ट मैनेजर को सूचित किया। स्थिति का विश्लेषण करने के बाद शिफ्ट मैनेजर तुरंत मौके पर पहुंचे। साइट पर मौजूद बिजली विभाग के व्यक्ति को अलार्म बजाने के लिए संकेत दिया। शिफ्ट इंचार्ज सीनियर मैनेजर (ऑपरेशन) श्री उमेश मलयथ ने प्लांट कंट्रोल, फायर ब्रिगेड, एम.एम.पी-1 सीआईएसएफ सेफ्टी कंट्रोल, सिविल डिफेंस, विभागाध्यक्ष और ऑक्सीजन प्लांट- 2 के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया।

महाप्रबंधक (ऑपरेशन-2) पी सी बाग, सहायक महाप्रबंधक (ऑपरेशन) एस.के. मानिकपुरी के साथ मौके पर पहुचें। उप महाप्रबंधक ए सरकार, सहायक महाप्रबंधक एन ए अंसारी और एम डी साहू ने नियंत्रण संभाला। बाद में मुख्य महाप्रबंधक ए के जोशी भी मौके पर पहुंचे, स्थिति संभाली और दुर्घटना पर नियंत्रण करने में सफल रहे। एक घायल व्यक्ति को ओपी-2 के लोगों ने बचाया। सभी संबंधित एजेंसियां (फायर ब्रिगेड, ओएचएस, सिविल डिफेंस, सीआईएसएफ और सेफ्टी कंट्रोल) मौके पर पहुंचीं और फंसे लोगों को बचाया। बचाए गए दो लोगों को आवश्यक उपचार के लिए मेन मेडिकल पोस्ट भेजा गया। श्री कुमुद किशोर देवांगन और पुष्कर वर्मा का भी इस मॉक ड्रिल में योगदान रहा।

## ग्रामीणों के घरों तक साफ पानी सुलभ कराने जल दीदी के साथ जल मितान किए जाएंगे नियुक्त

**महासमुंद।** संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि अब ग्रामीणों के घरों तक बाधारहित साफ पानी सुलभ कराने जल दीदी व जल मितान नियुक्ति किए जाएंगे। भूपेश सरकार द्वारा जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें जल मितान, युवा उद्यमी तथा जल दीदी के रूप में योजनाओं के संधारण और संचालन के लिए तैयार करने का निर्णय लिया गया है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जल मितान-युवा उद्यमी उद्यमिता कौशल विकास परियोजना की शुरुआत की। इसके तहत ग्रामीण अंचलों के युवाओं को रोजगार मिलेगा।



















## खास-खबर

### वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** डीडी नगर पुलिस ने विडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए पैसे की मांग करने वाले आदतन अपराधी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार डीडी नगर का रहने वाला अलोक शर्मा 16 जून को शाम करीबन 6.30 बजे डी.डी.नगर क्षेत्र अंतर्गत पासपोर्ट ऑफिस के पीछे स्थित गार्डन में घूमने गया था। जहां से वह घर वापस आ रहा था इसी दौरान गार्डन में उपस्थित एक अज्ञात व्यक्ति ने आलोक को रोका तथा कहा कि तुम्हारा विडियों बना लिया हूं तथा विडियो को एडिट कर वायरल कर दूंगा। और अगर बचना है तो मुझे 50 हजार रूपये देने होंगे। जिस पर आलोक द्वारा नगदी रकम नही है कहने पर अज्ञात व्यक्ति ने उससे पास ही स्थित मेडिकल से मेडिकल में गुगल पे कर नगद रकम प्राप्त कर देने के लिए कहा जिस पर अज्ञात व्यक्ति के कहे अनुसार आलोक द्वारा उक्त मेडिकल से नगदी रकम 4 हजार 150 रूपये लाकर अज्ञात व्यक्ति को दे दिया। इसके बाद आलोक ने डीडी नगर थाने में जाकर इसकी शिकायत दर्ज करवाई। शिकायत पर थाना डी.डी.नगर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 384 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन तथा थाना प्रभारी डी.डी.नगर के नेतृत्व में थाना डी.डी.नगर पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस-पास के लोगो से विस्तृत पूछताछ करते हुए घटना स्थल तथा उसके आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए आलोक के बताये अनुसार हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर विनोद पोपटानी निवासी डीडी नगर रायपुर को पकड़ा गया। आरोपी विनोद पोपटानी आपराधिक प्रवृत्ति का है जो पूर्व में भी थाना चोरी, लूट, चेन स्नौचिंग एवं नारकोटिक्स एक्ट के प्रकरणों में जेल जा चुका है।

### चचेरे भाई ने की थी भाई के घर लाखों रूपये की चोरी, गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर की पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने पिछले दिनों सोनकरपारा सत्ती मंदिर के पास एक सूने मकान में हुई चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने चचेरे भाई के घर पर ही चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी से चोरी के गहने तथा नगदी रकम बरामद कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार सोनकरपारा सत्ती मंदिर के पास पुरानी बस्ती में रहने वाला चंद्रशेखर सोनकर 11 जून की रात सपरिवार विवाह कार्यक्रम में अपने ससुराल भाठागांव गया था तथा घर में प्रार्थी की दो बहने रूके थे। दिनांक 12 जून को सुबह प्रार्थी की छोटी बहन रूम अंदर जाकर देखी तो बिस्तर में एक सोने का झुमका पड़ा था और अलमारी में रखे सोने के जेवरात एवं नगदी रकम नहीं थे। जिसकी सूचना उसने चंद्रशेखर को दी। चंद्रशेखर ने घर आकर देखा तो आलमारी में रखें सोने के जेवरात एवं नगदी रकम तथा उपर कमरा में रखा मोबाईल फोन एवं लैपटॉप भी नहीं था। जिसकी शिकायत चंद्रशेखर ने थाना पुरानी बस्ती में दर्ज कराई। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 457, 380 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी, उसकी बहन एवं घर के अन्य सदस्यों से विस्तृत पूछताछ करने के साथ ही आस-पास के लोगों से भी विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया गया।

# चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय आरोपी सहित 6 गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राजधानी के थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत जल विहार कॉलोनी स्थित एक कार्यालय में गत दिनों हुई लाखों रूए की चोरी के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय आरोपी सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पंडरी में रहने वाले देवेन्द्र कुमार वर्मा ने थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह तुषार मिरानी के जमीन खरीदी-बिक्री व्यवसाय के ग्रुप में कार्यरत है। ग्रुप का कार्यालय मिरानी सेन्ट्रम जल विहार कालोनी मकान नं. 46 तेलीबांधा रायपुर में है।**



दिनांक 10 जून को प्रार्थी कार्यालय में अपने कैबिन के अंदर बने आलमारी में तुषार मिरानी द्वारा दिये गये रकम 9 लाख 85 हजार रूपये को रखकर आलमारी रूम में ताला बंद कर बाहर आया व उसी समय कार्यालय परिसर में निवासरत कर्मचारी चौकीदार बाली कुमार मनहरे से कार्यालय को बंद करवाकर वह अपने घर चला गया था। दिनांक 11 जून को सुबह 6 बजे चौकीदार बाली ने उसको फोन कर बताया कि आफिस में आपके कैबिन का आलमारी रूम का ताला टुटा हुआ है, लगता है, चोरी हुआ है। तब देवेन्द्र कुमार वर्मा कार्यालय जाकर देखा तो आफिस का सामान बिखरा पडा हुआ था, फिर अपने कैबिन पहुंचकर देखा जहां आलमारी रूम का ताला टूटा हुआ था, तथा अंदर रखे नगदी रकम 9 लाख 85 हजार गायब थे। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में धारा 457, 380, 401, 120बी भादवि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था तथा जांच में लिया था। चोरी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके चौकीदार से विस्तृत पूछताछ करते हुए अज्ञात आरोपियों का पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सैकड़ो सी.सी.टी.व्ही. कैमरो के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ-साथ अज्ञात आरोपियों के संबंध में तकनीकी विश्लेषण करने के साथ ही अज्ञात आरोपियों की पतासाजी हेतु मुखबीर भी लगाये गये। सी.सी.टी.व्ही कैमरों के फुटेजों, तकनीकी साक्ष्यों सहित घटना स्थल के आस-पास प्राप्त अन्य साक्ष्यों का लगातार विश्लेषण करते हुए टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त नागपुर महाराष्ट्र निवासी अल्तमस साजिद के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नागपुर रवाना होकर नागपुर में अल्तमस साजिद की पतासाजी करते हुए उसे नागपुर में पकड़ा गया। घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अल्तमस साजिद द्वारा किसी भी प्रकार से घटना में अपनी संलिप्तता नही होना बताकर लगातार टीम के सदस्यों को गुमराह किया जा रहा था, किंतु प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर अल्तमस साजिद अपने झूठ के सामने टिक न सका एवं चोरी की उक्त घटना को अपने साथी मेहंदी हसन, अमीन अली, हरीश संगतानी, शैलेन्द्र सिंह एवं जाहिद ईरानी के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी मेहंदी हसन, अमीन अली, हरीश संगतानी, शैलेन्द्र सिंह एवं जाहिद ईरानी की भी पतासाजी कर पकड़ा गया। तथा सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की नगदी रकम 4 लाख 50 हजार रूपये तथा घटना में प्रयुक्त 1 ड्रील कटर, 1 मोटर सायकल तथा 6 मोबाईल फोन जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

पुछताछ में आरापियों ने बताया कि आरोपी हरीश संगतानी ने घटना स्थल (कार्यालय)में सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगाया था इस दौरान उसे कार्यालय में आने वाले लाखों रूपये नगदी रकम की जानकारी रहती थी जिस पर आरोपी हरीश संगतानी ने अपने साथी आरोपी मेहंदी हसन एवं जाहिद ईरानी के साथ मिलकर चोरी की योजना बनाई तथा अपनी योजना में नागपुर निवासी अल्तमस साजिद सहित अमीन अली एवं शैलेन्द्र सिंह को शामिल किया। योजना के अनुसार चोरी की घटना को अल्तमस साजिद एवं अमीन अली अंजाम देने वाले थे जिन्हें हरीश संगतानी ने कार्यालय में लगे सभी सीसीटीव्ही कैमरों के संबंध में संपूर्ण जानकारी दी तथा कार्यालय के जिन स्थानों में सीसीटीव्ही कैमरे नहीं लगे थे उन स्थानों का उपयोग कर आलमारी तक पहुंचने बताया गया था। दिनांक घटना को योजना के अनुसार चोरी की घटना को अंजाम देने अल्तमस साजिद एवं अमीन अली आरोपी शैलेन्द्र सिंह के मोटर सायकल में घटना स्थल गये तथा अपने पास रखें ड्रील कटर से कार्यालय के गेट को काटकर कार्यालय अंदर प्रवेश कर कार्यालय में रखे अलमारी के लॉकर को भी ड्रील कटर से काट कर उसमें रखें नगदी रकम को चोरी कर फरार हो गये तथा सभी नगदी रकम का आपस में बंटवारा कर लिये थे।

# भूत बनकर राहगीरों को डराने वालों को पुलिस ने उतारा भूत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बिलासपुर।** डरावना विडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले नाबालिग समेत तीन बदमाशों को बिलासपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लड़के राहगीरों को डराने के लिए डरावने वेश में श्मशान घाट के पास से निकलते थे। और इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल भी करते थे। पुलिस ने जांच के बाद कार्रवाई की है।

दरअसल मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। टीआई परिवेश तिवारी को शिकायत मिली थी कि सिविल लाइन क्षेत्र के सिंधी कॉलोनी स्थित श्मशान घाट और वेयर हाउस रोड में कुछ बदमाश लड़के भूत बनकर निकलते हैं। और लोगों को डराते हैं। शिकायतकर्ताओं ने उन्हें सोशल मीडिया में वायरल वीडियो भी दिखाया था। जिसके बाद पुलिस की टीम ने बदमाशों की तलाश करके एक नाबालिग समेत तिफरा के इंद्रपुरी निवासी तिलक यादव (20) दीपक यादव और अमृत यादव (20) को हिरासत में लिया है। पकड़े गये लड़कों ने पुलिस को बताया, वो केवल प्रैंक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड करने के लिए भूत बनकर निकलते हैं। ऐसा करने में उन्हें मजा आता था। लोकेश तब पुलिस की अवैध उगाही की बातें सामने आ गई।

# बहन ने भाई पर लगाया पिता की हत्या का आरोप,कब्र खोदकर कराया गया पोस्टमार्टम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर। जिले के कोरर थाना क्षेत्र में एक बेटी ने अपने भाई के द्वारा अपने पिता की पीट पीटकर हत्या करने तथा रिश्तेदारों और ग्रामीणों को हार्ट अटैक से मौत बताकर पिता का अंतिम संस्कार कर देने का आरोप लगाया है।**



मृतक की बेटी ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत के बाद पुलिस ने कब्र से लाश बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार घटना गत 7 जून की है। कोरर थानाक्षेत्र में रहने वाले बजरूराम पटेल (65 वर्ष) की अचानक मौत हो गई। जिसके बाद उसके बेटे सुनील पटेल ने गांववालों तथा अपने रिश्तेदारों को पिता की मौत हार्ट अटैक से होना बताया और आनन-फानन में उसकी लाश को दफन कर दिया। किंतु पिता की अचानक मौत पर बेटी जानकी को यकीन नही हुआ और उसने इसकी शिकायत थाने में दर्ज करवाई। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और एसडीएम कोर्ट से शव को कब्र से बाहर निकालने की अनुमति मांगी थी। एसडीएम मनीष साहू के द्वारा शव को कब्र से बाहर निकालने की अनुमति दी गई जिसके बाद शव को कब्र खोदकर बाहर निकाला गया एवं पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्यवाही, नदारद रहें जिम्मेदारी अधिकारी और कर्मचारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिला प्रशासन ने अवैध रेत खनन माफियाओं पर अब तक की बड़ी कार्रवाई की है। मामला जिला मुख्यालय से लगे ग्राम सिरसा क्षेत्र का है जहा रेत का उत्खनन रात के अंधेरे में किये जाने की सूचना राजस्व विभाग को मिल रही थी। जिसके बाद तहसीलदार ख्याती नेताम सहित नायब तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ला ने स्वंय मौके पर पुलिस बल के साथ दबिश देकर जिले में हुए अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही की है, तहसीलदार को देख रेत माफिया गाडियों को छोड़कर मौके से फरार हो गए।**



देर रात करीब 4 घंटे तक चली इस कार्यवाही में 2 चेन माउंटेन समेत 12 आईवा गाड़ी की जप्ती की कार्यवाही की गई है। फ़िलहाल पता नहीं चल पाया है कि गाडियां किसकी है।

आपको बता दें कि ये वही गांव है जहां नव निर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव का निवास है और उनके पति भुनेश्वर यादव इसी ग्राम के सरपंच भी है, अब ऐसे में इस क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन कई सवालों को जन्म देता दिखाई दे रहा है। बहरहाल देर रात हुई इस कार्यवाही ने क्षेत्र के माफिआओं में खलबली पैदा कर दी है। कार्यवाही के बाद तक़रीबन देर रात 2 बजे जप्ती पंचनामा कार्यवाही पूरी कर ख्याती नेताम सहित नायब तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ला ने मौके पर पुलिस बल तैनात करा और वापस लौट गए थे।

छापामार कार्यवाही देर रात 10 बजे से शुरू हुई जो कार्यवाही लगभग 4 घंटे तक चली, लेकिन जिले के जिम्मेदार खनिज विभाग के अधिकारी-कर्मचारी इस चार घंटे तक चली कार्यवाही के दौरान कही नजर नहीं आये। जिसको लेकर भी कई सवाल खड़े होते दिखाई दे रहे है।

### मशीन में साड़ी फंसने से युवती की मौत

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के फरसगांव में नीलगिरी बल्ली से छिलका निकालते समय मशीन में साड़ी फंसने से एक युवती की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बोरगांव में नीलगिरी बल्ली से छिलका निकालने का काम किया जा रहा था। तभी अचानक ट्रैक्टर और नीलगिरी छिलका निकालने वाली मशीन के बीच में लगे साफ्ट में जिला नवरंगपुर (ओडिशा) निवासी युवती संजुका नेताम (19 वर्ष) पिता स्व.चैत राम नेताम की साड़ी फंस गई, जिसके चलते युवती को गले, दोनों पैर, और सीने में गंभीर चोट आई और युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

संजुका नेताम मध्य बोरगांव निवासी नरोतम मण्डल के खेत में नीलगिरी बल्ली से छिलका निकालने वाली मशीन में काम करने आई थी। सूचना परन फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने मशीन को भी जप्त कर लिया गया है। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# घर में घुसकर लूट, हत्या के प्रयास के आरोप में माँ-बेटा सहित 6 को पुलिस ने किया गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कोरबा जिले में शाम के वक्त एक युवक उसके भाई मां और 3 अन्य परिचितों पर घर में घुसकर हत्या का प्रयास और लूटपाट की वारदात को अंजाम देने का आरोप लगा हैं। जिसके तहत कुल 6 आरोपियों की गिरफ्तारी इस मामले में पुलिस के द्वारा की गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस सहायता केंद्र चैतमा में प्रार्थी रघुनाथ प्रसाद यादव पिता मंगलू यादव 46 वर्ष निवासी लीमपानी, चैतमा थाना पाली ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 11 जून की रात्रि लगभग 7.30 बजे अपनी पत्नी शांति एवं पुत्र ईश्वर के साथ खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। उसी समय कथित आरोपी व उसके साथी घर के अंदर घुस गए। उन्होंने कहा की तुम्हारा लड़का मेरी मोटरसाइकिल को जला दिया है, कहते हुए पुत्र की हत्या करने की नीयत से डंडे से मारा। पिता बीच-बचाव करने गया तो उसको व पत्नी को भी डंडे से मारपीट कर मोटरसाइकिल एवं मोबाइल को लूटकर ले गए।

रिपोर्ट पर सहायता केंद्र प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार जोगी ने विशेष टीम तैयार कर कथित आरोपियों के मिलने के सम्भावित स्थानों में दबिश दी। जहा से कथित आरोपी और उसके अन्य साथियो को गिरफ्तार किया गया। इनसे लूटा गया मोटरसाइकिल क्रमांक, मोबाइल सहित अपराध में प्रयुक्त मोटर सायकल को जप्त किया गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 458, 307, 395 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। सभी को न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल करा दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 120 लक्ष्मी रात्रे, आरक्षक प्रवचन कंवर, 398 चमार सिंह मरावी, महिला आरक्षक सुषमा डहरिया, शैलेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

छत्तीसगढ़ शासन

# छत्तीसगढ़ सरकार भरोसे की सरकार



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

- लगातार सबसे **कम बेरोजगारी** दर वाला राज्य
- धान पर **9,000** व अन्य फसलों पर **10,000 रुपये** की आदान सहायता
- अब **20 क्विंटल प्रति एकड़** धान की खरीदी
- युवाओं को प्रतिमाह **2,500 रुपये भत्ता**
- **1.24 करोड़ लोगों** को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं
- **279 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों** में सभी वर्ग के **2.5 लाख बच्चों** को आधुनिक शिक्षा
- श्री धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोरों में ब्रांडेड दवाइयों पर **71% तक की छूट**
- **2,747** नई औद्योगिक इकाइयां **42,251 करोड़ रुपये** का निवेश
- **6** नए जिलों, **19** अनुविभागों **77** नई तहसीलों का गठन

RO-37376/1

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950